तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.5 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025

13 सेक्स सीडी मामले में बघेल वर्मा सहित अन्य आरोपी...

14 मेंटेनेंस कंपनी सीजीएमएससी से ब्लैक लिस्टेड आधा चल...

डीएलएड विद्यार्थियों को एडमिशन लेते ही भरना होगा परीक्षा फॉर्म, मात्र 28 दिन बाद दिलाएंगे परीक्षा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

डीएलएड की रिक्त रह गई सीटों पर फिर से दाखिले प्रारंभ हो रहे हैं। इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। दूसरी ओर डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए फॉर्म 3 मार्च से भरे जाने हैं। महाविद्यालयों द्वारा डीएलएड के लिए पुनः प्रारंभ हो रही प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 3 मार्च को दस्तावेज सत्यापन कर अंतिम सूची जारी करनी होगी। इस तरह विद्यार्थियों को प्रवेश लेते ही परीक्षा फॉर्म भरना होगा। डीएलएड परीक्षा का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया जाता है। सामान्यतः मार्च के अंत अथवा अप्रैल के प्रथम सप्ताह से इसकी परीक्षाएं प्रारंभ हो जाती हैं। इस वर्ष भी मार्च अंत से परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। ऐसे में प्रवेश लेते ही सिर्फ 28 दिन के अंतराल में विद्यार्थियों को परीक्षा दिलानी होगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में डीएलएड की 7 हजार 500 सीटें हैं। इनमें से 142 सीटें फिलहाल रिक्त हैं। ये सभी निजी महाविद्यालयों की सीटें हैं। शासकीय महाविद्यालयों की सीटें पहले ही भर चुकी हैं। प्रदेश में बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए अगस्त माह से काउंसिलिंग की शुरुआत हुई थी। कई चरणों की काउंसिलिंग के बाद रिक्त रह गई सीटों को पुनः भरने प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है। इसके उलट बीएड, बीए-बीएड व बीएससी-बीएड की सीटें शुरुआती चरणों की काउंसिलिंग में ही भर गई थी।

अगस्त से शुरू हुई थी काउंसिलिंग, अब डीएलएड की खाली रह गई 142 सीटों पर फिर से प्रवेश

200 दिनों का पाठ्यक्रम 28 दिनों में

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा शेड्यूल जारी किए जाने के बाद निजी महाविद्यालय इस असमंजस में हैं कि वे 200 दिनों का पाठ्यक्रम 28 दिनों में कैसे पूर्ण करेंगे? अगस्त माह में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सिलेबस लगभग पूर्ण हो चुका है और रिवीजन कार्य चल रहा है। इसके उलट अभी प्रवेश लेने वाले छात्र रिवीजन के स्थान पर नई शुरुआत करेंगे। कई महाविद्यालय नर्सिंग पाठ्यक्रम की तर्ज पर इर्रेगुलर बैच की मांग कर रहे हैं। नर्सिंग पाठ्यक्रम की काउंसिलिंग भी देर तक चलती है। ऐसे में विलंब से प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को इर्रेगुलर बैच में प्रवेश दे दिया जाता है। इस बैच की परीक्षा प्रारंभ में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों अर्थात रेगुलर बैच के छात्रों की तुलना में विलंब से होती है।

आज जारी होगी रिक्त सीटों की जानकारी

एससीईआरटी द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक, शिक्षा महाविद्यालय 26 फरवरी को रिक्त सीटों की जानकारी अपलोड करेंगे। 27 फरवरी को प्रतीक्षा सूची जारी की जाएगी। पूर्व में आवेदन कर चुके विद्यार्थियों के आधार पर ही ये सूची जारी होगी। इस सूची में जिन विद्यार्थियों के नाम थे, वे 28 फरवरी तक काउंसिलिंग के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त आवेदन के आधार पर महाविद्यालय 28 फरवरी को मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। इसी दिन विद्यार्थियों के दस्तावेज का सत्यापन होगा और इसी दिन अंतिम चयन सूची जारी कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। शेड्यूल के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश भी महाविद्यालयों को प्रेषित कर दिए गए हैं।

खबर संक्षेप

प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचते पकड़ा गया आरोपी

रायपुर। गोबरा नवापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास चक्रधारी गोबरा नवापारा का निवासी है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम तर्री स्थित शासकीय महाविद्यालय के पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेच रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 टेबलेट जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 22(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

चोरी मामले में फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। डीडीनगर थाना क्षेत्र में गणेश गार्डन स्थित एक सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में फरार एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी वीर अभिमन्यु देवदास एवं तिलक सागर को गिरफ्तार कर दोनों के कब्जे से सोने एवं चांदी के जेवरात तथा नकदी रकम 2 लाख 30 हजार रुपए जब्त किए थे। इसी घटना में उसका तीसरा आरोपी दिनेश देवदास फरार था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को उसे भी गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने दो दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। दिनेश के खिलाफ रायपुर के अलग-अलग थानों सहित महासमुंद एवं बलौदाबाजार के थानों में भी चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी एवं मारपीट के लगभग 2 दर्जन अपराध पंजीबद्ध हैं।

पुरानी रंजिश पर बैट से पीटा, केस दर्ज

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने मारपीट के मामले में दो युवकों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना 24 फरवरी की रात करीब साढ़े 10 बजे की है। लाखेनगर चौक स्थित पान ठेले के पास प्रार्थी आमीन शेख से अरमान और अमन नामक दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते उससे विवाद किया और फिर हाथ-मुक्का और बैट से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 351-2, 115-2, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

इनोवा की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

रायपुर। शहर के उद्योग भवन के पास 25 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे एक इनोवा कार के चालक ने गाड़ी को तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसे मामूली चोटें आई हैं। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी विनीत राम प्रधान निवासी जीवन विहार ने तेलीबांधा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कार चालक के विरुद्ध धारा 281, 125-ए बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर होम बनकर तैयार, 77 कुत्तों की होगी एक साथ देखभाल

शहर से बाहर जा रहे तो पालतू कुत्तों का टेंशन नहीं, डे केयर में बन रहा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यदि आपके पास पालतू कुत्ता है और आप घर से कुछ दिन के लिए बाहर जा रहे हैं, तो टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। रायपुर नगर निगम शहर में एक ऐसा सिस्टम बना रहा है, जिसमें अनुबंधित संस्था पालतू कुत्ते की हिफाजत डे केयर में करेगी। इसके लिए 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क देना होगा। राजधानी से लगे सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर होम बनकर तैयार है, जहां 10 पालतू कुत्तों की देखरेख डे केयर में की जायेगी। वहीं बीमार व घायल 67 कुत्तों के उपचार, भोजन, देखभाल व सर्जरी की व्यवस्था रहेगी। डॉग लवर संस्था को यह जिम्मा दिया गया है। उसने निगम के साथ 5 साल का एग्रीमेंट किया है।

- डे केयर में 10 पालतू कुत्तों को शुल्क लेकर रखने की व्यवस्था

राजधानी में श्वान पालकों के लिए एक राहत भरी खबर है। यदि वे परिवार के साथ बाहर घूमने जा रहे हैं, तो अपने पालतू कुत्ते को सोनडोंगरी में नवनिर्मित डे केयर में रखकर जा सकते हैं। वहां प्रति कुत्ते 500 रुपये एक दिन का शुल्क देने से कुत्ते की हिफाजत के साथ भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। इस तरह के 10 बाड़े पालतू कुत्ते को रखने के लिए बनाये गये हैं। वहां शहर का कोई भी श्वान प्रेमी निर्धारित शुल्क देकर अपने पालतू कुत्ते को कुछ दिन के लिए रख सकेगा। प्रदेश की राजधानी में अपनी तरह का यह अनूठा सिस्टम ▶▶|शेष पेज 14 पर

संचालन के लिए एजेंसी तय

नगर निगम जोन 8 कमिश्नर एके हालदार ने बताया कि डॉग शेल्टर होम संचालन के लिए निगम ने निविदा जारी की थी, जिसमें सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। टेंडर के बाद डॉग लवर संस्था को 5 साल के लिए डॉग शेल्टर होम के संचालन करने अनुबंधित किया गया है। अनुबंधित संस्था कुत्तों की देखभाल, भोजन की जिम्मेदारी संभालेगी, जबकि कुत्तों के डॉक्टरी उपचार और वेक्सीनेशन का खर्च नगर निगम उठायेगा। डे केयर में पालतू कुत्ते छोड़कर जाने वालों से मिलने वाला शुल्क अनुबंधित संस्था को मिलेगा। इससे वह कुत्तों के भोजन सहित अन्य तरह का खर्च वहन कर सकेगी।

मृत कुत्तों के अंतिम संस्कार के लिए इंसीनेटर मशीन

डॉग शेल्टर होम के अलावा मृत कुत्तों के अंतिम संस्कार करने एक विशेष तरह की मशीन भी मंगाई गई है। इंसीनेटर मशीन का इंस्टालेशन जल्द कराया जायेगा। यह मशीन दुर्घटना व बीमारी के दौरान मृत कुत्तों के अंतिम संस्कार को पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ तरीके से सुनिश्चित करेगी।

आपरेशन थियेटर और कार्यालय निर्माण में लगेगा समय

डॉग शेल्टर होम की बिल्डिंग बनकर तैयार है, जबकि वहां कुत्तों के इलाज के लिए आपरेशन थियेटर और कार्यालय का निर्माण भी किया जा रहा है। इसमें कुछ दिनों का समय लगेगा। जब तक यह व्यवस्था पूरी नहीं होती, तब तक स्ट्रीट डॉग का उपचार व सर्जरी बैरनबाजार स्थित पशु चिकित्सा केन्द्र में अनुभवी पशु चिकित्सक और स्टाफ आवश्यक चिकित्सा सेवा प्रदान करेंगे। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है, डॉग शेल्टर होम बनने से शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, घायल तथा बीमार कुत्तों का इलाज समय पर होने से उनकी स्थिति में सुधार होगा। आवारा कुत्तों की नियमित सर्जरी होने से शहर के नागरिकों को डॉग बाइट की घटनाओं से बचाने में मदद भी मिलेगी।

एक वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम की फिर से वापसी, 2014 में किया गया था बंद, चार वर्षीय स्नातक जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

एक वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम की फिर से वापसी होने जा रही है। इस पाठ्यक्रम को वर्ष 2014 में बंद कर दिया गया था। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा इस पाठ्यक्रम को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन 2025 में छात्रों को इस कोर्स का फायदा नहीं मिलेगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे। इस तरह से 12 साल बाद छात्र फिर से एक वर्ष में बीएड की डिग्री हासिल कर सकेंगे। इसमें प्रवेश के लिए मापदंडों में बदलाव किए गए हैं। एक वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 2014 तक जो नियम थे, वे इस बार नहीं रहेंगे। स्नातक की उपाधि रखने वाले विद्यार्थियों को 11 साल पहले तक एक वर्षीय बीएड में प्रवेश मिल जाता था।

नए नियमों के मुताबिक, एक साल के बैचलर ऑफ एजूकेशन प्रोग्राम में एडमिशन लेने के लिए कैंडिडेट्स को पोस्टग्रेज्यूएट होना चाहिए। पीजी डिग्री धारक के अलावा चार साल के ग्रेजुएशन डिग्री हासिल करने वाले अभ्यर्थी इस कोर्स में दाखिला के लिए अप्लाई कर सकेंगे। तीन वर्षीय स्नातक उपाधि रखने ▶▶|शेष पेज 14 पर

मांगे गए हैं सुझाव

पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए केवल योग्यता का ही निर्धारण अब तक किया गया है। पाठ्यक्रम सहित अन्य गाइडलाइन्स फिलहाल तय नहीं की जा सकी है। सभी राज्यों से एनसीटीई ने इसके लिए सुझाव मांगे हैं। इसके आधार पर ही विस्तृत गाइडलाइन जारी की जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रयोग करते हुए इस पाठ्यक्रम को फिर से इंट्रोड्यूस किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रम अब चार वर्षों का कर दिया गया है। हालांकि यदि कोई छात्र चाहे तो वह तीन वर्ष में भी पढ़ाई छोड़ सकता है। चार वर्ष तक स्नातक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के पास अब तक दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम का ही विकल्प था, लेकिन अब उन्हें एक वर्षीय बीएड का भी विकल्प मिल सकेगा।

जारी रहेंगे चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ही चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बीएड, बीएससी बीएड और बीकॉम बीएड की शुरुआत की गई है। छात्र स्नातक और बीएड की पढ़ाई इसमें साथ-साथ करते हैं। 2026 से नया पाठ्यक्रम शुरू होने के बाद भी इसमें दाखिले जारी रहेंगे। अब विद्यार्थी बारहवीं के बाद भी बीएड कर सकेंगे तथा चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण करने के बाद भी शिक्षा महाविद्यालय में दाखिले के लिए पात्र रहेंगे। सभी राज्यों को इस संदर्भ में गाइडलाइन प्रेषित कर दिया गया है।

आंबेडकर अस्पताल के एक्स-रे रूम से महिला मरीज के गले से मंगलसूत्र गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आधी रात तबीयत खराब होने पर आंबेडकर अस्पताल पहुंची महिला के गले से करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का मंगलसूत्र पार कर दिया गया। इमरजेंसी वार्ड में लगे सीसीटीवी में कैद हुआ संदेही, महिला को लेकर एक्स-रे रूम के भीतर गया था। परिवार वालों ने इसकी शिकायत थाने में की, मगर मंगलसूत्र की रसीद की मांग करने वाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की।

- इमरजेंसी में इलाज के लिए आई थी महिला, वीडियो फुटेज में कैद हुआ संदेही

मोवा में रहने वाले राकेश कटरे ने बताया कि 15 फरवरी को उसकी मौसी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अन्य रिश्तेदारों के साथ मौसी को लेकर वह रात करीब 12 बजे आंबेडकर अस्पताल गया था। वहां इमरजेंसी विभाग में जांच के बाद ▶▶|शेष पेज 14 पर

बाहर गार्ड तैनात

इमरजेंसी एवं ट्रामा विभाग में बिना जरूरत जाने की मनाही है। इसके दरवाजे पर सुरक्षा गार्डों की तैनाती होती है, जो आने जाने वालों से पूछताछ करते रहते हैं। इमरजेंसी विभाग के वार्ड में संदेही के मौजूद होने और काफी देर तक इधर-उधर घूमने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है कि मरीज के रिश्तेदार उसे अस्पताल स्टाफ समझते रहे और चिकित्सकीय स्टाफ उसे मरीज का रिश्तेदार मानते रहे।

होती रहती हैं चोरी की घटनाएं

अस्पताल में इलाज के लिए दूरदराज से आने वाले मरीजों और उनके सगे-संबंधियों के साथ चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। अस्पताल से अक्सर मोबाइल चोरी, बैग अथवा कीमती सामान गायब होने की शिकायत थाने पहुंचती रहती है। कुछ समय पहले यहां के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग से एक बच्चा भी चोरी हो गया था। पुलिस की सक्रियता से बड़ी अनहोनी होने से बच गई और महिला चोरों को पकड़कर उससे नवजात बरामद कर लिया गया था।

जेलों में लगे हर-हर गंगे के नारे कैदियों ने किया गंगा स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सहित प्रदेशभर की सेंट्रल, जिला एवं उप जेलों में मंगलवार को कैदियों ने हर-हर गंगे तथा हर-हर महादेव के नारे लगाते हुए प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए त्रिवेणी संगम के जल से पुण्य स्नान किया। महाकुंभ के जल से स्नान करने के लिए सभी जेलों में विशेष कुंड बनाए गए थे, जिसमें पानी भरा गया था। इस पानी में त्रिवेणी संगम का जल मिलाया गया, जिसके बाद कैदियों ने इस जल से सामूहिक स्नान किया। इससे कैदियों को महाकुंभ में डुबकी लगाने जैसा अनुभव हुआ। ▶▶|शेष पेज 14 पर

सेंट्रल जेल में दिखा महाकुंभ जैसा माहौल

रायपुर सेंट्रल जेल में सुबह कैदियों के स्नान करने के लिए विशेष कुंड बनाया गया था। इस कुंड के चारों किनारों को फूलों की माला से सजाया गया था, वहीं कुंड में स्नान करने के लिए प्लास्टिक के मग रखे गए थे। इस कुंड में महाकुंभ से लाए गए पवित्र जल को मिलाया गया। इसके बाद सभी कैदियों ने सामूहिक इस जल से मग के माध्यम से स्नान किया। कैदियों के कुंड ▶▶|शेष पेज 14 पर

दिनदहाड़े युवक पर चाकू से हमला, महिलाओं ने बीच-बचाव कर बचाई जान, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के खमतराई इलाका क्षेत्र के भनपुरी स्थित रामेश्वर नगर में मंगलवार को दिनदहाड़े एक युवक पर उसके दोस्त ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले के दौरान पीड़ित युवक ने जब शोर मचाया, तो मोहल्ले में रहने वाली कुछ महिलाओं ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। इसके बाद आरोपी को पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना प्रभारी सोनल ग्वाला ने बताया कि रामेश्वर नगर में रहने वाला संजय चंद्राकर और आरोपी अरविंद वर्मा आपस में दोस्त हैं। दोनों के घर भी आसपास हैं। संजय सुबह करीब 9 बजे अपने घर की गली से गुजर रहा था, तभी अरविंद ने उसका रास्ता रोक लिया और विवाद करने के बाद मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान संजय ने जब खुद को बचाने के लिए शोर मचाया, तो उसकी आवाज सुनकर गली में रहने वाली कुछ महिलाएं घर से बाहर निकलीं और अरविंद को पकड़कर संजय की जान बचाई। इस घटना के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। पुलिस के अनुसार इस हमले में संजय को एक-दो जगह पर चाकू के हल्के जख्म आए हैं। महिलाओं ने अगर बीच-बचाव नहीं किया रहता, तो संजय की जान भी जा सकती थी।

हिस्ट्रीशीटर बदमाश निकला अरविंद

पुलिस के अनुसार अरविंद आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ थाने में पहले भी कई अपराध दर्ज हैं। पुलिस संजय पर किए गए इस हमले का कारण दोनों के बीच आपसी रंजिश बता रही है। हालांकि रंजिश का मुख्य कारण अभी अज्ञात है। बहरहाल पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 115-2, 351-2, 118-1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

घटना का वीडियो आया सामने

इस पूरी घटना का विडियो भी सामने आया है। गली में एक घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी घटना कैद हो गई। इस विडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि किस तरह से एक युवक, दूसरे युवक से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर रहा है। महिलाओं द्वारा बीच-बचाव करने प्रयास करने के दौरान भी पीड़ित पर आरोपी हाथ मुक्का से मारपीट करता रहा और फिर उस पर चाकू से हमला किया।

मार्च की शुरुआत 36 डिग्री तापमान के साथ होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च की शुरुआत राजधानी में 36-37 डिग्री तापमान के साथ होने का अनुमान है। आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रबल होने की वजह से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ गई है। अभी शहर में रात और दिन का तापमान सामान्य स्थिति में है।

अगले चौबीस घंटे में इसमें बढ़ोतरी होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ काफी प्रबल है। इसकी वजह से एक चक्रवाती घेरा दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उससे लगे दक्षिणी पाकिस्तान के ऊपर विस्तारित है। इसके प्रभाव में राज्य में बंगाल की खाड़ी से काफी मात्रा में नमी आ रही ▶▶|शेष पेज 14 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

खबर संक्षेप

बहेसर में सरपंच पद पर बर्मन की ऐतिहासिक जीत

तिल्दा। समीपस्थ ग्राम पंचायत बहेसर में सरपंच पद पर सविता सेवक बर्मन ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिसमें युवाओं का भरपूर सहयोग रहा। बता दें कि ग्राम पंचायत बहेसर में 15 सालों से युवाओं के चेहरे में खुशी नहीं थी, क्योंकि की बहुत युवा बेरोजगार घूम रहे थे। ग्राम बहेसर में ऐसे बड़े बड़े प्लान्ट भी हैं। उसके बाद भी युवा बेरोजगार ही नजर आ रहे थे। युवा ग्राम में परिवर्तन देखना चाहते थे। 15 सालों के बाद युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाने वाला सेवक बर्मन पहली प्रत्याशी बना। उसके बाद युवाओं का बहुत ही सहयोग मिला। ग्राम के जनता का भी भरपूर सहयोग रहा। जिसके बाद बर्मन विजयी हुए। विजयी प्रत्याशी ने आभार प्रकट एवं विजय रैली निकाली। रैली में डीजे के साथ युवा व अन्य थिरकते रहे।

नशे में वाहन न चलाएं हेलमेट लगाएं, ड्राइविंग लाइसेंस भी जरूर रखें

धरसींवा। जायसवाल नीको इंडस्ट्रीज लिमिटेड सिलतरा रायपुर द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत संयंत्र परिसर में सोमवार को वाहन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरुकता एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के प्रेसिडेंट वर्क हिमांशु शेखर झा ने संबोधित किया।कार्यक्रम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ.प्रशांत शुक्ला, धरसीवा थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान, यातायात विभाग के सड़क सुरक्षा प्रशिक्षक टीके भोई सहायक उप निरीक्षक यातायात द्वारा नवीनतम यातायात सुरक्षा कानून एवं दुर्घटनाओं से परिवार एवं देश की उन्नति में जीडीपी में किस तरह व्यापक प्रभाव डालते हैं कि विस्तारपूर्वक जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक टीम ने दी जानकारी तेजराम साहू की नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने, बिना हेलमेट व लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने कहा। शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की सीख नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन आलोक पांडे अध्यक्ष मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्रक, बस एवं अन्य वाहन चालक जायसवाल नीको इंडस्ट्रीज के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

आनंद नगर में नवनिर्वाचित महापौर और पार्षद का सम्मान

रायपुर। आनंद नगर उद्यान में रविवार को नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे, वार्ड नंबर-33 के पार्षद प्रदीप वर्मा तथा मदर टेरेसा वार्ड के पार्षद संतोष साहू का स्वागत, सम्मान एवं वार्ड के पूर्व पार्षद कामरान अंसारी, भूतपूर्व पार्षद अजीत कुकरेजा, सीमा संतोष साहू का आभार यूथ विंग आनंद नगर के सदस्यों एवं अन्य नागरिकों द्वारा किया गया। वार्ड के सभी तीन पूर्व पार्षदों ने बताया कि यह एक बड़ा सुखद संयोग है कि हम तीनों पार्षदों ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत इसी वार्ड से की थी। कार्यक्रम में कॉलोनी के नागरिकों में सुशील कुमार दुबे, गुरपाल शर्मा, आलोक तिवारी, विजय सूद, असद सिद्धिकी, विजय रज्जानी, दीपन्निता बोस, विकास श्रीवास्तव, प्रभात गुप्ता, संजय तिवारी, सीए मदन मोहन उपाध्याय, देवाशीष दासगुप्ता, शेखर महतो, किरण गुप्ता, कंवलजीत खुराना आदि उपस्थित रहे।

महिला पत्रकारों को उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान

रायपुर। आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन हमशिरा ग्रुप द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में महिलाओं का नोट काम्पीटिशन किया गया, जिसमें 90 से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया। जज की भूमिका में बुशरा परवीन, आलिया बेगम, हजरत नजमा बेगम मौजूद रहीं। वहीं उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सैयद सलमा, शगुफ्ता शिरीन, नाहिदा कुरैशी को सम्मानित किया गया।

महाशिवरात्रि: ओम नम शिवाय, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं आदि मंत्रों से क्षेत्र रहेगा गुंजायमान

शिवालयों की नगरी आरंग में आज निकलेगी शिवजी की भव्य बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राजा मोरध्वज की प्राचीन नगरी के नाम से विख्यात आरंग शिव नगरी के नाम से भी जाना जाता है, मान्यताओं के अनुसार गिनती करने पर काशी नगरी की तुलना में यहां एक शिवलिंग कम हो गया नहीं तो इसे भी काशी नगरी के नाम से जाना जाता। शिवालयों की इस नगरी में अभी भी भोलेनाथ लिंग के रूप में यहां वहां प्रकट होते रहते हैं। जिससे इस नगरी की प्रसिद्धि दूर–दूर तक फैली हुई है। पौराणिक मान्यता के अनुसार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि पर प्रथम बार शिव भगवान ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए इसलिए महाशिवरात्रि पर्व अत्यंत भाव भक्ति एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। एक मान्यता यह भी है कि महाशिवरात्रि पर्व पर ही माता पार्वती की कठिन तपस्या के बाद उनका शिवजी का विवाह उनके साथ हुआ था। इधर महाकाल ग्रुप आरंग हल्दी चूल माटी आदि रस्मों को निभाते हुए शिव जी की भव्य बारात निकालने जा रहा है। आरंग में उत्कृष्ट वास्तु कला की प्रसिद्ध लिए हुए बागेश्वर नाथ बाबा महादेव की प्रसिद्ध किसी से छिपी नहीं है, यहां महाशिवरात्रि पर्व पर लगातार श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक होगा। यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है क्योंकि भगवान भोलेनाथ को औघड़दानी के नाम से भी जाना जाता है। यहां अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में पंचमुखी महादेव, त्रिलोकीनाथ महादेव, पनिकेश्वर, भूरवा महादेव, जलेश्वर महादेव, कुमारेश्वर नाथ महादेव, राज राजेश्वर महादेव, जलेश्वर महादेव, चिंतेश्वर महादेव, भुवनेश्वर महादेव, जागेश्वर महादेव, ज्ञानेश्वर महादेव, प्रज्ञेश्वर महादेव, नटकेश्वर महादेव, बटकेश्वर महादेव, पिपलेश्वर महादेव, रामेश्वर महादेव, भोले बाबा, जोबेश्वर नाथ महादेव, अघोरेश्वर महादेव आदि की अत्यंत महिमा है। बेलपत्र, चंदन, आक के पुष्प, कनेर पुष्प, विष्णु प्रिया, शमी के पत्ते, कमल पुष्प, श्वेत पुष्प, गुलाब, धतूरा, भांग, इत्र, फल, अनाज, घी, दूध, शहद, नारियल, रुद्राक्ष आदि को पूजा में विशेष महत्व दिया जाता है।

- शिवरात्रि में किया गया जप, तप पूजन, उपवास होता है अत्यंत कल्याणकारी

श्रद्धालुओं ने किया महाप्रसाद ग्रहण

बुधवार को शिव जी के विवाह को लेकर भक्तों ने मंगलवार को शिवजी को हल्दी भी चढ़ाई है तथा मायन भात के रुप में यहां श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। शास्त्रों के अनुसार शिवरात्रि में किया गया जप, तप, पूजन, उपवास अत्यंत कल्याणकारी एवं मंगलमय होता है। वहीं महाकाल भगवान मंदिर की तर्ज पर यहां पर भी शिवजी की बारात निकाली जाती है। कुल मिलाकर आस्था के इस महान पर्व पर पूरा आरंग एवं अंचल शिवमय होकर ओम नमः शिवाय, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं आदि मंत्रों से गुंजायमान रहेगा।

परमेश्वर महादेव मंदिर में आज अभिषेक

आरंग। लक्ष्मी विहार कालोनी में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर परमेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः 10 बजे से शिव अभिषेक पूजा कार्यक्रम रखा गया है। कालोनी विकास समिति अध्यक्ष पवन चंद्राकर, मोहन साहू, मिडिया प्रभारी पं. छत्रधर दीवान, लता पेठे, किरण दीवान, सीमा निशाद आदि ने कालोनीवासियों से अभिषेक पूजा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया।

आज बिरबिरा में प्रज्ञेश्वर महादेव का होगा अभिषेक

आरंग। गायत्री गौशाला केन्द्र बिरबिरा नरियरा, कोसमखुटा गनौद, आरंग में मंगलवार को पांच कुण्डीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ एवं दीप महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा ग्राम बिरबिरा से प्रारंभ हुई, जिसका स्वागत गायत्री मंदिर कोसमखुंटा में आरती कर किया गया। कलश यात्रा ग्राम गनौद, बिरबिरा, नरियरा के तालाबों का जल लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं को शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में 26 फरवरी को प्रज्ञेश्वर महादेव का अभिषेक, विभिन्न संस्कार, यज्ञ, पूर्णाहुति, शिवमहापुराण कथा, युग संदेश, सहस्त्रवेदिय दीपमहायज्ञ, आरती, शांति पाठ, देव विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. शिवकुमार डहरिया पूर्व मंत्री, अध्यक्षता चंद्रहास साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण, अतिविशिष्ट अतिथि पदमनी साहू जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि चम्मन साहू सरपंच बिरबिरा, हिरामन साहू सरपंच लखौली, हितेन्द्री लीलाराम साहू सरपंच कोसमखुंटा, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, मधु विकास टण्डन पूर्व जनपद सदस्य सहित बिरबिरा, नरियरा, कोसमखुंटा, गनौद के ग्रामीण शामिल होंगे।

महाशिवरात्रि पर होंगे विविध आयोजन

आरंग। नगर के पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में आरंग के मित्र धाम समिति द्वारा विगत 24 वर्षों से प्रसाद के रूप में विशाल भोग भंडारा कराया जाता है। जिसमें करीब दस हजार श्रद्धालु पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करते हैं। यह आयोजन केवल शिव भक्त मित्र धाम समिति ही मिलकर करते हैं। समिति के सदस्य बताते हैं भोलेनाथ की कृपा से आज तक कभी किसी चीजों की कमी नहीं होती। वहीं इस बार 25वें वर्ष को समिति और भी भव्य रूप से मनाने की तैयारियां कर रहे हैं। भंडारा में प्रतिवर्ष मालपुआ दिया जाता है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। इस वर्ष बाबा बागेश्वर नाथ महादेव परिसर में कांग्रेस के पार्षदों ने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायिका पायल साहू का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा है। जिसमें रातभर जगराता भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होगी। महाशिवरात्रि के दिन ही नगर के बालाजीपुरम कालोनी में शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। जिसकी विगत तीन दिनों से विधि–विधान से पूजा आराधना कर स्थापना की तैयारियां जोर–शोर से चल रही है। वहीं नगर के बाबा बागेश्वर नाथ महादेव, नवातालाब के समीप वटेश्वर महादेव, जोबेश्वर कुमारेश्वर, भुनेश्वर, जागेश्वर, मोक्षेश्वर सहित सभी शिवालयों में रूद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक की विशेष रूप से तैयारियां चल रही है। इस तरह महाशिवरात्रि पर संपूर्ण नगर शिवमय रहेगा।

सिवनी में चुनावी बवाल सरपंच प्रत्याशी के घर तोड़फोड़ थाने में शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिवनी में सरपंच प्रत्याशी के घर सैकड़ों की संख्या में विपक्ष के लोग पहुंचे, जहां गाली गलौज करते हुए मारपीट की। घटना 16 फरवरी की रात करीब रात 7 से 8 बजे के बीच की बतायी जा रही है।

बताया गया है कि सरपंच प्रत्याशी रेवती पुरूषोतम धीवर और उनके परिवार समर्थक के घर पर आक्रोशित भीड़ रात लगभग 7-8 बजे के बीच पहुंची और अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कई महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए भीड़ तोड़फोड़ पर उतारू हो गई। वहीं प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार बचाने वालों को मारपीट हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी गई। इसी दौरान भीड़ देख किसी ने पुलिस को सूचना दी जहां मंदिर हसौद पुलिस गांव पहुंची, मामला शांत कराया।

- कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव

घटना की शिकायत कार्रवाई नहीं होते देख मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना मंदिर हसौद का घेराव करने पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस शिकायत दर्ज होने पर केवल खाना पूर्ति की कार्रवाई कर रही है। ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि जल्द ही कोई भी कार्रवाई नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री और गृह मंत्री, एसपी, कलेक्टर को ज्ञापन सौंप घटना की वस्तु स्थिति से अवगत करायेंगे। बता दें कि यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद से ग्रामीण दहशत में है। पुलिस ने खानापूर्ति के लिए एक व्यक्ति पर 151 का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अविनाश सिंग ने कहा कि घटना की शिकायत मिली है। जांच की जा रही है, दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव होगा 4 मार्च को

तिल्दा नेवरा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए है। तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च को होगा। 27 फरवरी को चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। जिसके बाद 4 मार्च को चुनाव किया जाएगा। तिल्दा में चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आशुतोष देवांगन एवं जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के सीईओ विवेक गोस्वामी को नियुक्त किया गया है। वहीं जनपद पंचाय तिल्दा नेवरा में 25 सदस्य निर्वाचित होकर आए हैं। चर्चा है कि लगभग सभी सदस्य गायब हैं। सूत्रों ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनने वाले नेता सभी सदस्यों को अलग अलग अपनी अपनी निगरानी में रख लिए हैं।

बताया जाता है कि जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए 2 अलग- अलग दमदार लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। दोनों ही के द्वारा अपने अपने पक्ष में जनपद सदस्यों को साथ ले जाया गया है।

अच्छे अंक से उत्तीर्ण होकर विद्यार्थी माता-पिता का नाम करें रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

विकासखंड अंतर्गत स्थित प्राथमिक शाला उल्बी में माताउन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। अतिथियों ने बच्चों से अच्छे अंक लाकर माता- पिता का नाम रौशन करने का आव्हान किया।

- प्राथमिक शाला उल्बी में उन्मुखीकरण कार्यक्रम

स्कूल में विकासखंड शिक्षा विभाग के निर्देशन मे शैक्षणिक गतिविधियों के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं,युवतियों ने गीत,भाषण, खेलकूद एवं बच्चों की ज्ञानवर्धक गतिविधियों में हिस्सा लिया। नवनिर्वाचित सरपंच नेहरू लाल साहू ने इस कार्यक्रम के लिए शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आने वाली परीक्षा में बच्चों को अच्छे अंक से उत्तीर्ण होकर माता-पिता का नाम रोशन करने एवं अंतिम समय में परीक्षा के लिए अत्यधिक परिश्रम करने की बात कही। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक भगवत प्रसाद शर्मा , प्रधानपाठक मीना साहू, विमल कुमार चंद्राकर, अनसुइया देवांगन, लक्ष्मी शर्मा, पितांबर साहू, नकुल रिगरी,रुखू साहू, पार्वती यदु,जानाबाई, आशा यदु,ज्योति यदु, देवकी यादव, जोदकुर साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

सुंदरकेरा समिति में 505 क्विंटल धान की फर्जी खरीदी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सुंदरकेरा में 505 क्विंटल 20 किलो धान 7 व्यक्तियों के नाम से 15 लाख 66 हजार 620 रूपये का फर्जी तरीके से खरीदने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी गोपाल साहू द्वारा राशि आहरण पर रोक लगाने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा नवापारा को सूचित किया गया है। साथ ही उपपंजीयक सहकारी संस्थायें रायपुर को लिखित शिकायत दी गई है। आरोप लगाते हुए बताया गया है कि सुंदरकेरा में पदस्थ प्रभारी समिति प्रबंधक/ डाटा एंट्री आपरेटर हेमंत कुमार साहू द्वारा खरीदी के अंतिम दिन 30 व 31 जनवरी को पंजीकृत कृषकों के पंजीयन में टोकन जारी कर कविता /राजेन्द्र जैन के नाम पर 110 क्विंटल, राजेन्द्र जैन/पन्ना लाल 119.20 क्विंटल, सौरभ/ लक्ष्मीनाथ 140.40 क्विंटल, शरद/विष्णु 18.40 क्विंटल, गायत्री /होरीलाल 32 क्विंटल, सत्तूराम पिता घासीराम 85.2 क्विंटल आदि किसानों के नाम से फर्जी धान खरीदी दिखाकर बड़े पैमाने पर धांधली करने का आरोप लगाया गया है। इसी तरफ सतनाम राइस मिल 600 कट्टा, गुलाब राइस मिल 537 कट्टा धान को बिना खरीदी किये ही इन राइस मिलों के खाते चढ़ाकर फर्जी तरीके से आवक जावक दिखाया गया है, जिस ट्रक में धान की आवक जावक का रजिस्टर में एंट्री दिखाया गया है वह ट्रक कोणार्क राइस मिल का डीओ लेटर लेकर पहुंचा था और उसी गाड़ी का फोटो खींचकर गुलाब एवं सतनाम राइस मिल के मालिक एवं व्यवस्थापक द्वारा फर्जीवाड़ा किया गया है, यह धान खरीदी के आखिरी 30 व 31 जनवरी दो दिनो की फर्जी एंट्री है धान खरीदी के दौरान और भी धांधली किये जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इसी तरह चपंराण, नयापारा, पटेवा अन्य समितियों में भी इसी तरह की धांधली होने की चर्चा है। समिति के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल साहू ने तथ्य सहित उच्चाधिकारियों को जानकारी देते हुये नयापारा थाने में एफआईआर दर्ज करने लिखित शिकायत दी है।

श्रमिकों ने कार्रवाई के लिए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

आरंग तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम भिलाई आरंग स्थित कंपनी में मजदूरों से 12 घंटे काम कराये जाने का मामला सामने आया है। श्रमिकों ने इसकी शिकायत तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर की है।

- कंपनी प्रबंधन की मनमानी से हैं परेशान

श्रमिकों ने बताया कि कंपनी में 8 घंटे की ड्यूटी का नियम है, लेकिन हमसे 12 घंटे काम कराया जा रहा है, जिसके एवज में 400 रुपए की मजदूरी दी जाती है। समस्याएं गिनाने पर कंपनी में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होती। कंपनी प्रबंधन लोकल मजदूर नहीं रखने की भी जानकारी दी गई है। श्रमिकों ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित रेट 12 घंटे का 783 रूपये हैं जो कि हम सभी मजदूरों को 12 घंटे काम के एवज में 400 रुपए दिया जाता है। यह खेल सालभर से चल रहा है। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने के दौरान जगमोहन, राजकुमार, जीवन, डोमन, रूपेश, हितेंद्र, जितेंद्र, चंदन, लीलाधर, पवीण, खेमराज, एमन विष्णु, भूपेंद्र, हितेश, वसंत, राकेश, सुनील, पुराण, बद्रीपसाद, मुकेश, जनक, लखन, रुपेंद्र, गोपी, टोकन, पुणेश, जवेद, करन, प्रशांत, रूपसिंह, लक्ष्मण जैसे पूरन गुलशन चंद्रकांत पीलू राम आदि मौजूद थे।

पंचायत चुनाव पूरा आचार संहिता खत्म, आयुक्त ने माना आभार

रायपुर। छत्तीसगढ़ त्रि स्तरीय पंचायत संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदान और मतगणना का काम पूरा होने के साथ ये चुनाव समाप्त हो गए हैं। इसके साथ ही इन चुनावों के लिए लागू आचार संहिता भी समाप्त हो गई है। इससे पहले नगरीय निकाय चुनाव पूरे होने के बाद नगरीय क्षेत्रों में लागू आचार संहिता पहले ही खत्म हो चुकी है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया था। 15 फ़रवरी 2025 को नगरीय निकायों के निर्वाचन के परिणामों की घोषणा के बाद नगरीय क्षेत्रों में लागू आचार संहिता उसी दिन 15 फ़रवरी को समाप्त घोषित की गई थी । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार 25 फ़रवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायतों के परिणामों की घोषणा के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लागू आचार संहिता भी समाप्त घोषित कर दी गई है।

पूर्व सांसद ने भाजपा की राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

नगरीय निकाय निर्वाचन में ईवीएम जीता, जनता हारी, पंचायत चुनाव में मतपत्र से जनता जीती: छाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

पूर्व राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस की वरिष्ठ नेता छाया वर्मा ने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को भाजपा की राज्य सरकार द्वारा पहले मतपत्रों से कराए जाने की घोषणा की गई थी। फिर ऐन वक्त में ईवीएम से चुनाव कराने का ऐलान कर दिया। वह भी नई तरह का ईवीएम मशीन से। और नतीजा सबके सामने है। पूर्व सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि ईवीएम से नगरीय निकायों के चुनाव कराने से जनता हार गई और ईवीएम जीत गया। उन्होंने कहा कि कुछ अल्प स्थानों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश जगहों पर ईवीएम ने अपना काम कर दिया।

- कांग्रेस जहां मजबूत स्थिति में वहां पर ईवीएम के कारण हारी

परिणाम दूसरा होता

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती वर्मा ने कहा कि नगरीय निकायों के चुनाव मत पत्र से होते तो परिणाम कुछ दूसरा होता। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत चुनाव मतपत्रों के जरिए कराए गए जिसमें कांग्रेस समर्थित लोग भारी संख्या में जीतकर आए हैं। मत पत्र से चुनाव कराने पर जनता की जीत हुई है, जिसे स्पष्ट समझा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में जिन जिन स्थानों पर कांग्रेस पार्टी काफी मजबूत स्थिति में थी, उन स्थानों पर भी उसकी हार हो गई। जिसे जनता भी नहीं पचा पा रही है। जनता भी कह रही है कि हमने कांग्रेस को वोट दिया लेकिन परिणाम कुछ दूसरा निकल आया। उन्होंने कहा कि तिल्दा नेवरा नगर पालिका का चुनाव परिणाम इसका ताजा उदाहरण है।

आम सूचना

वाके मौजा नगर पालिका आरंग प.ह.नं.54/29 तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. खसरा नं. 3757/1, 3757/2, 3757/3 रकबा क्रमश. 0.2180 हे., 0.0310 हे., 0.2000 हे. कुल ख.नं.03 कुल रकबा 0.4490 हे.भूमि के संबंध में।

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता 1.श्यामकुमार 2.दिलीप कुमार 3.शरद कुमार 4.ममता 5.आरती पिसरान सरजू प्रसाद 6.कृष्णाबाई पति सरजू प्रसाद जाति हलवाई निवासी आरंग वाले से ख.नं. 3757/1, 3757/2, 3757/3 रकबा 0.2180 हे., 0.0310 हे., 0.2000 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.4490 हे. कृषि भूमि समिलात नाम पर राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी आधिपत्य में दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार क्रेता के द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (7) सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति किया जावेगा, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा। सो सूचना जानें,

आरंग छ.ग. दिनांक 24/02/ 2025

के. के. गुप्ता अधिवक्ता
इंदिरा चौक आरंग जिला रायपुर
(छ.ग.), मो.नं. 94252.28796, 7974662256

न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा
जिला - रायपुर (छ.ग.)

रा.मा.क्र. 202411115000006/अ 21
वर्ष 2024-25
ग्राम- सासाहोली, प.ह.नं. 19

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **नन्दूलाल ध्रुव पिता लखनलाल ध्रुव, जाति-गोंड निवासी-गोवर्धन चौक तिल्दा-नेवरा** द्वारा ग्राम सासाहोली, प.ह.नं. 19 स्थित परिवर्तित भूमि **खसरा नंबर 283/4 रकबा 0.667 हे.** को आशीष अग्रवाल पिता दिलीप अग्रवाल सामान्य वर्ग के व्यक्ति के पासविक्रय करने हेतु भूमि बिक्री मंजूरी हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त है

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति या आदिवासी श्रेणी के व्यक्ति को भूमि क्रय करने हेतु इच्छुक है यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि **27.02.2025** तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति या आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक **24.01.2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

(मो. नंबर 8817090560)

मुहर

तहसीलदार,
तिल्दा-नेवरा
जिला रायपुर (छ.ग.)

19 हजार 762 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित वित्तमंत्री ने कहा- पुराने गड्ढे पाटने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का इस साल का तीसरा और अब तक का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट विधानसभा से पारित हो गया है। यह अनुपूरकर 19 हजार 762 करोड़ रुपए से अधिक का था। अनुपूरक पर पक्ष-विपक्ष की चर्चा का जवाब देते हुए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मेरे लिए यह बहुत आसान था कि मैं 2 हजार करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट लाऊं और वाहवाही लूट लूं कि छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री बहुत अच्छा वित्तीय प्रबंधन कर रहे हैं।।यह कहलवाना बहुत आसान था, लेकिन जब राज्य की बात आती है, तो व्यक्तिगत वाहवाही मायने नहीं रखती। मैं भी पसोपेश में था कि हम वित्तीय प्रबंधन अच्छा दिखाएं या हमारे पुराने गड्ढे हैं,

उनको पाटने का काम करें। हमारे समक्ष ये एक चुनौती थी, संशय था, लेकिन जब व्यक्तिगत वाहवाही की और प्रदेश हित की बात आए, तो प्रदेश के हित को चुनना स्वाभाविक था। श्री चौधरी ने कहा कि कित तरह के जो पुराने गड्ढे हो गए थे, उनको पाटने की कोशिश इस अनुपूरक के माध्यम से की गई है। उन्होंने बताया कि 2018-19 से 2023 तक खाद्य सहायता योजना में 3769 करोड़ बकाया था। उसके 50 प्रतिशत 1864 करोड़ का भुगतान करने का प्रावधान अनुपूरक में किया गया है। मार्कफेड पर बहुत लोन चढ़ा था यह बढ़कर 18 हजार करोड़ पंहुच गया था। मुख्य बजट में इसके लिए 1400 करोड़ का प्रावधान किया गया और अभी 1200 करोड़ रुपए इस अनुपूरक में देने जा रहे हैं। चना खरीदी का 446 करोड़ का पेमेंट पेंडिंग था। 400 करोड़ का प्रावधन मुख्य बजट में और 451 करोड़ का प्रावधान अनुपूरक में किया गया है। पीडीएस दुकानों के डीलरों का 169 करोड़ बकाया था। इसके लिए 154 करोड़ का प्रावधान किया गया है। फोर्टिफाइड़ राइस के लिए 100 करोड़ का प्रावधान मुख्य बजट और 80 करोड़ का प्रावधान इस बजट में किया गया है। आयोडाइज्ड नमक का 185 करोड़ का पुराना भुगतान लंबित था, 81 करोड़ अतिरिक्त प्रावधान इसके लिए किया गया है। इसी तरह शक्कर गुड सबमें किया गया है। आयुष्मान भारत का 1447 करोड़ का भुगतान पेंडिंग था। इसके लिए 1500 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इसी तरब बिजली के लिए 2180 करोड़ का भुगतान लंबित था। अनुपूरक में 2200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। छोटे-छोटे उद्योगो की सब्सिडी पेंडिंग थी उसके लिए 428 करोड़ का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है।

मूणत का आरोप, को-ऑपरेटिव सोसाइटी वाले बिना पैसे नहीं देते एनओसी

मंत्री ने कहा- तुरंत देने का करेंगे प्रावधान

विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा विधायक राजेश मूणत ने सवाल किया कि प्रदेश में को-ऑपरेटिव सोसाइटियों में लोग एनओसी के लिए भटकते रहते हैं, उन्हें कोऑपरेटिव सोसाइटी वाले बिना पैसे के एनओसी नहीं देते। जनता से जुड़ा मामला है। आज चार महीने बाद भी वही उत्तर आ रहा है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने जवाब दिया कि एनओसी तुरंत देने का प्रावधान करेंगे। आने वाले समय में कोई शिकायत नहीं होगी। कोऑपरेटिव सोसाइटी के अंदर कितनी संस्थाएं हैं। एक कमेटी गठित की गई है, आपने कहा कि कमेटी की दो मीटिंग हो चुकी है, क्या चार महीने पहले ध्यानाकर्षण के उत्तर में आपने जो प्रश्न का उत्तर दिया उसी प्रश्न का उत्तर आज भी रिपीट कर दिया। मंत्री से आग्रह है कि इसकी गंभीरता को समझ लें ये पूरे प्रदेश का मामला है। प्रश्न काल में राजेश मूणत ने कहा कि शहर में 40 ऐसी सोसाइटी है, जहां मकान बने हैं। प्लाट खाली पड़े हैं। बिना एनओसी के कहीं भी रजिस्ट्री नहीं होती। मंत्री एक समय सीमा दे दें, तो जनता को राहत मिल जाएगी। उन्होंने कहा, साय सरकार में सांय-सांय जिस तरह दूसरे काम हो रहे हैं, उसी तरह इस काम को भी सांय-सांय कर दें। मंत्री केदार कश्यप ने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह से गंभीर है। पिछले सत्र में सदस्य को विश्वास दिलाया था कि तुरंत कमेटी गठित की जाएगी। 3 सितंबर 2024 को चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई। कमेटी की दो बैठक हो गई है। 30 नवंबर और 24 जनवरी 2025 को बैठक हुई। क्या बेहतर हो सकता है इस दिशा में काम हो रहा है।



मंत्री टंकराम ने की घोषणा- पूरे प्रदेश में कबड्डी खिलाड़ियों को मैट उपलब्ध कराया जाएगा

खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रशिक्षण के लिए किए गए उपाय पर उठाया सवाल

कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सवाल किया कि दुर्ग संभाग के खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रशिक्षण के लिए खेलकूद और युवा कल्याण विभाग की तरफ से क्या काम किया जा रहा है। मंत्री टंक राम ने बताया कि दुर्ग संभाग के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए दुर्ग में कबड्डी, बालोद में वेटलिफ्टिंग, बेमेतरा, कबीरधाम में कबड्डी, राजनांदगांव में हॉकी के 5 खेलो लघु इंडिया के केंद्र चलाए जा रहे हैं। खेलो इंडिया के तहत सभी जिलों में एक-एक खेलों का चयन होता है। इनका संचालन भी किया जा रहा है, ये आवासीय नहीं है। उन्होंने सदन में घोषणा की है कि कबड्डी खिलाड़ियों के लिए मैट

उपलब्ध कराया जाएगा। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह ने कहा, मैंने प्रशिक्षण संस्थान के बारे में पूछा है, लेकिन आपने खेलो इंडिया लघु केंद्र के बारे में बता रहे हैं। खेलो इंडिया योजना खेल विभाग की योजना नहीं है। ये भारत सरकार की योजना है। छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वो नहीं मिल रही हैं। आपको अधिकारी गलत जानकारी दे रहे हैं। मंत्री टंक राम ने कहा, प्रशिक्षण संस्थान खेलो इंडिया के तहत ही संचालित हो रहे हैं। भारत सरकार की योजना है, जो छत्तीसगढ़ के 31 जिलों में चल रही है। 2 जिलों का चयन हो चुका है। अप्रैल से वहां भी शुरू हो जाएगा।

खेल विभाग कोई राशि नहीं देता

मंत्री टंक राम अपनी बात पर अड़े रहे और कहा कि खेलो इंडिया की तरफ से ही प्रशिक्षण संस्थान चलाए जा रहे हैं। इसमें केंद्र की राशि आती है। 5 लाख रुपये सालाना, जिसमें 2 लाख रुपये खिलाड़ियों के संधारण और परिवेश के लिए आते हैं। 3 लाख रुपये प्रशिक्षकों के लिए आते हैं। विधायक ने कहा, दुर्ग में कहीं कोई सेंटर नहीं हैं। जहां खिलाड़ियों को प्रोत्सहित किया जा रहा हो। मंत्री से 11 सितंबर 2024 को पत्र दिया था कि कुछ बच्चे राष्ट्रीय कूड़ो प्रतियोगिता गुजरात जाने के लिए मदद की मांग की थी, राशि तो दूर एक रिमाइंडर तक नहीं आया। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभा के प्रोत्साहन के लिए सरकार को काम करना चाहिए। मंत्री ने जवाब दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभा के प्रोत्साहन के लिए अनुदान दिया जाता है।

कटघोरा, मरवाही में जहां सड़क, तालाब के काम स्वीकृत, वहां उनके चिन्ह तक नहीं, जांच की मांग

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र में प्रेमचंद पटेल ने पूछा, कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत वन विभाग ने साल 2023-24 और 2024-25 में कितने कामों की स्वीकृति दी। मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि कटघोरा में लगभग 5 हजार 346 काम स्वीकृत हुए हैं। इनमें से 3 हजार 19 काम पूरे हो गए हैं। 2027 काम प्रगति पर हैं जो जल्द से जल्द पूरे करा लिए जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूछा कि कटघोरा में जितने भी सड़क और तालाब के काम स्वीकृत हुए हैं, वहां इन कामों के चिन्ह तक नहीं है। मंत्री से निवेदन है कि कटघोरा, मरवाही जैसे दूरस्थ अंचलों में जहां आदिवासी लोग रहते हैं, वहां दी गई स्वीकृति की जांच करा लें। प्रश्न काल में पटेल ने पूछा कि वन विभाग की तरफ से ही ये

मंत्री ने कहा 2027 काम अभी अधूरे, जल्द होंगे पूरे

काम कराए जा रहे हैं या फिर दूसरे विभागों को भी एजेंसी बनाया गया है। मंत्री ने कहा, वन विभाग को ही एजेंसी बनाया गया है। गोंगपा विधायक हीरा सिंह मरकाम ने बीच में सवाल पूछते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कोई तालाब निर्माण नहीं कराए गए हैं। प्रगतिरत बताया जा रहा है, लेकिन वहां कोई काम ही नहीं हुए हैं। मंत्री केदार कश्यप ने इसका जवाब देते हुए कहा, साल 2024-25 में हो रही कार्यों की जानकारी दी गई है। मरकाम ने कहा, कार्य शुरू ही नहीं हुए हैं। क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण कार्य कहां कराए जा रहे हैं। मंत्री ने जवाब दिया कि कैंपा मद से साल 2024- 25 के क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण कार्य की जानकारी दी है, इसकी अलग से भी जानकारी दे दी जाएगी।

राज्य स्तर पर पूरे कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा

चरणदास महंत ने पूछा कि कटघोरा में जितने भी सड़क और तालाब के काम स्वीकृत हुए हैं वहां इन कामों के चिन्ह तक नहीं है। मंत्री से निवेदन है कि कटघोरा, मरवाही जैसे दूरस्थ अंचलों में जहां आदिवासी लोग रहते हैं, वहां दी गई स्वीकृति की जांच करा लें। इस दौरान कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, नेता प्रतिपक्ष अपने शासनकाल के कामों की जांच कराना चाहते हैं, तो आपको अनुमति दे देनी चाहिए। इस पर महंत ने कहा, यदि गलत हुआ है, तो इसकी जांच करनी चाहिए। महंत के सवाल पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कटघोरा के अंतर्गत ऐसी कोई जानकारी है, तो इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। राज्य स्तर पर पूरे कार्यों का मूल्यांकन कर इसे दिखाया जाएगा।

कच्ची शराब बनाने वालों पर कार्रवाई नहीं

गृहमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया बहिर्गमन

विधानसभा के बजट सत्र में बिलासपुर के ग्राम लोफंदी में अवैध शराब पीने से हुई मौतों का मामला उठा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल किया कि कच्ची शराब बनाने वाले के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई। गृहमंत्री विजय शर्मा ने जवाब दिया कि मामले की जांच की जा रही है। एफएसएल की आने वाली रिपोर्ट को स्वीकारा जाएगा। गृहमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से बहिगर्मन कर दिया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने ध्यानाकर्षण के जरिए ग्राम लोफंदी में मौत का मामला उठाते हुए कहा, प्रदेश में शराब की बाढ़ आई है, इसे रोकना होगा। गली-गली में लोग अवैध शराब बेच रहे हैं। अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस पर कहा, कोई बात छिपाने की नहीं है। जीरो टॉलरेंस पर काम चल रहा है। नशे का कारोबार करने वाले लोगों की प्रॉपर्टी अटैच की गई है। प्रकरण में जांच के लिए छह सदस्यीय टीम बनी है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। कुछ लोग आदतन इस काम पर लगे हैं, उन्हें समझाया गया है। कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। डॉ. महंत ने कहा कि बच्चों का भविष्य ठीक करने के लिए शराब बिक्री रोकनी होगी। स्कूलों मे शिक्षक शराब सेवन कर पहुंचे रहे हैं, इस पर विजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की प्रथा बनाई गई थी, उसका असर देखने को मिल रहा है। साय सरकार ने इसे चिमटी से उठा कर फेंक दिया है।

एफएसएल रिपोर्ट के बाद कार्रवाई

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि वहां कच्ची शराब बन रही थी, उस पर क्या कार्रवाई हुई है। कच्ची शराब बनाने वाले के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई है। मंत्री ने कहा, जांच की जा रही है। एफएसएल की जो रिपोर्ट आएगी, उसे स्वीकारा जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि कुछ लोग आदतन इस काम पर लगे हैं। उन्हे समझाया गया है, कई लोगों पर कार्रवाई भी की गई है। गृहमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिगर्मन किया।

अनुपूरक पास भी कर लेंगे तो इतनी राशि खर्च नहीं कर सकते : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि अनुपूरक बजट 19 हजार करोड़ रुपए का सबसे बड़ा अनुपूरक है। इससे पहले दिसंबर के सत्र में 800 करोड़ का अनुपूरक पारित कराया गया था। तीन मार्च को आप फिर बजट पेश करेंगे। अनुपूरक की इतनी बड़ी राशि का बजट पास भी कर लेंगे तो खर्च नहीं कर सकते। ये केवल आईवाश है, क्योंकि मुख्य बजट में भी आपको आंकड़ों की कलाकारी करनी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि पिछले बजट में जितनी राशि की स्वीकृती ली गई है उसमें से कुछ भी काम शुरु नहीं किया गया। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में एयर स्ट्रिप बनाना अस्पताल बनाने का काम भी पूरा नहीं हो पाया है। पूरे प्रदेश में जलजीवन मिशन का काम ठप है। बस्तर में लोगों को चना गुड मिलना बंद हो गया है। लोगों को नमक भी नहीं मिल रहा है। मनेरगा के सभी काम बंद हैं। आपने किसानों को धान की राशि एकमुश्त देने कहा था दो किस्तों में दे रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि 180 करोड़ का बजट होने के बाद भी सरकारी कर्मियों को वेतन नहीं दे पा रहे हैं। आत्मानंद स्कूलों को वेतन देने के लिए पैसा नहीं है। गांवों में सोलर लाइट बंद पड़ी है उसे चालू करने के लिए पैसा नहीं है। श्री बघेल ने सवाल किया कि जीएसटी से 28 हजार करोड़ की वसूली का लक्ष्य था कितना वसूल किया गया। इस चर्चा में कांग्रेस सदस्य उमेश पटेल, भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर, कांग्रेस सदस्य राघवेंद्र कुमार सिंह,भाजपा के नीलकंठ टेकाम,श्रीमती शेषराज हरवंश कांग्रेस,भावना बोहरा भाजपा, कुंवर सिंह निषाद कांग्रेस, सहित अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

खबर संक्षेप

आनंद नगर में नवनिर्वाचित महापौर और पार्षद का सम्मान

रायपुर। आनंद नगर उद्यान में रविवार को नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे, वार्ड नंबर-33 के पार्षद प्रदीप वर्मा तथा मदर टेरेसा वार्ड के पार्षद संतोष साहू का स्वागत, सम्मान एवं वार्ड के पूर्व पार्षद कामरान अंसारी, भूतपूर्व पार्षद अजीत कुकरेजा, सीमा संतोष साहू का आभार यूथ विंग आनंद नगर के सदस्यों एवं अन्य नागरिकों द्वारा किया गया। वार्ड के सभी तीन पूर्व पार्षदों ने बताया कि यह एक बड़ा सुखद संयोग है कि हम तीनों पार्षदों ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत इसी वार्ड से की थी। कार्यक्रम में कॉलोनी के नागरिकों में सुशील कुमार दुबे, गुरपाल शर्मा, आलोक तिवारी, विजय सूद, असद सिद्धिकी, विजय रज्जानी, दीपन्निता बोस, विकास श्रीवास्तव, प्रभात गुप्ता, संजय तिवारी, सीए मदन मोहन उपाध्याय, देवाशीष दासगुप्ता, शेखर महतो, किरण गुप्ता, कंवलजीत खुराना आदि उपस्थित रहे।

महिला पत्रकारों को उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान

रायपुर। आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन हमशिरा ग्रुप द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में महिलाओं का नोट काम्पीटिशन किया गया, जिसमें 90 से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया। जज की भूमिका में बुशरा परवीन, आलिया बेगम, हजरत नजमा बेगम मौजूद रहीं। वहीं उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सैयद सलमा, शगुफ्ता शिरीन, नाहिदा कुरैशी को सम्मानित किया गया।

सभी निगमों में भाजपा के सभापति बनने तय, सभी पालिकाओं, नगर पंचायतों में लड़ेंगे उपाध्यक्ष का चुनाव

35 पालिकाओं और 84 नगर पंचायतों में भी भाजपा को बहुमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के नगरीय निकायों में अब सभापति और उपाध्यक्षों के चुनाव को लेकर घमासान प्रारंभ होने वाला है। सभी नगर निगमों में भाजपा के महापौर जीते हैं, इसी के साथ सभी में भाजपा को स्पष्ट बहुमत भी मिला है। ऐसे में सभी निगमों में भाजपा के सभापति बनने तय हैं। जहां तक नगर पालिकाओं का सवाल है, तो 49 नगर पालिकाओं में भाजपा के 35 में अध्यक्ष बने हैं और इन सभी में भी भाजपा का बहुमत है। इसी तरह से 114 नगर पंचायतों में से 81 में भाजपा के अध्यक्ष बने हैं, लेकिन 84 नगर पंचायतों में भाजपा को बहुमत हैं, इसलिए इन सभी में भाजपा के उपाध्यक्ष बन जाएंगे।

इसी के साथ भाजपा ने तय किया है, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों में भाजपा के प्रत्याशी उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे। सभी निकायों में भाजपा के पर्यवेक्षक जाकर रायशुमारी करके नामों का पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को एक मार्च तक देंगे। इसके बाद भाजपा अपने प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। भाजपा के नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी

के मुताबिक नगरीय निकाय चुनाव में इस बार भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। तीनों निकायों के कुल 3200 में से 1868 पार्षद भाजपा के जीते हैं। 952 कांग्रेस और 380 निर्दलीय जीते हैं। इनमें से नगर निगमों में 542 में से 381 पार्षद भाजपा और 118 कांग्रेस, 43 निर्दलीय जीते हैं। इसी तरह से नगर पालिकाओं में 959 में से 549 भाजपा, 300 कांग्रेस और 110 निर्दलीय जीते हैं। नगर पंचायतों में 1709 में से भाजपा ने 948, कांग्रेस ने 534 और निर्दलीय 227 जीते हैं। महापौर और अध्यक्ष के 173 पदों में से भाजपा ने 126 जीते हैं।

सभी में लड़ेंगे हमारे उपाध्यक्ष

भाजपा के सभी दस नगर निगमों में सभापति बनने तय हैं, क्योंकि सभी में भाजपा के पास बहुमत है। इसी के साथ भाजपा ने तय किया है, भाजपा सभी 49 नगर पालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष के पदों के लिए अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी का कहना है, 35 पालिकाओं के साथ 84 नगर पंचायतों में तो भाजपा के उपाध्यक्ष बनने तय हैं, लेकिन हम सभी में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेंगे, जहां पर निर्दलीय जीते हैं, उनका साथ लेकर ज्यादा से ज्यादा पालिकाओं और नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष के पद जीतने का प्रयास रहेगा।

पंचायत चुनाव पूरा, आचार संहिता खत्म, आयुक्त ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ त्रि स्तरीय पंचायत संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदान और मतगणना का काम पूरा होने के साथ ये चुनाव समाप्त हो गए हैं। इसके साथ ही इन चुनावों के लिए लागू आचार संहिता भी समाप्त हो गई है। इससे पहले नगरीय निकाय चुनाव पूरे होने के बाद नगरीय क्षेत्रों में लागू आचार संहिता पहले ही खत्म हो चुकी है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया था। 15 फ़रवरी 2025 को नगरीय निकायों के निर्वाचन के परिणामों की घोषणा के बाद नगरीय क्षेत्रों में लागू आचार संहिता उसी दिन 15 फ़रवरी को समाप्त घोषित की गई थी । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार 25 फ़रवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायतों के परिणामों की घोषणा के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लागू आचार संहिता भी समाप्त घोषित कर दी गई है।

माना आभार

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने प्रदेश के नगरीय निकायों एवं पंचायतों के मतदाताओं, सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों एवं जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधियों तथा निर्वाचन से जुड़े सभी लोगों को सफलतापूर्वक निर्वाचन कराने के लिये आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 70 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 70 वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 27 फरवरी को राजधानी के बूढ़ापारा स्थित सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में दोपहर 3 बजे आयोजित है।

समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। कार्यकम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। इस मौके पर अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी और

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।

शपथग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदलपुर विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरू खुशवंत साहेब और अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू उपस्थित रहेंगे।

केंद्र से मिलेंगे 202 करोड़

रायपुर-बिलासपुर में बनेंगे छह महिला छात्रावास

- 80 रायपुर में तीन, बिलासपुर में दो और नया रायपुर में बनेगा एक छात्रावास
- मुख्यमंत्री साय ने भारत सरकार को दिया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के दो सबसे बड़े शहरों रायपुर और बिलासपुर में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षित एवं सस्ते आवास की बड़ी जरूरत जल्द पूरी होगी।

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने राज्यों के लिए विशेष पूंजीगत सहायता योजना के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर और नया रायपुर में छह कामकाजी महिला छात्रावासों के लिए 202 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से रायपुर नगर निगम द्वारा तेलीबांधा और टाटीबंध में 250-250 सीटर तथा भैंसथान में 223 सीटर महिला छात्रावास बनाए जाएंगे। वहीं बिलासपुर के तिफरा और सिरगिट्टी में सीएसआईडीसी द्वारा 224-224 सीटर छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण नया रायपुर में एक हजार सीटर छात्रावास बनाएगी।

सीएम ने जताया आभार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहरों में कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित एवं सस्ते आवास के लिए राशि मुहैया कराने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री रुण साव ने कहा कि सुशासन के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को हासिल करने राज्य शासन ने वर्किंग वीमेन हॉस्टल बनाने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया था। उन्होंने इसकी मंजूरी मिलने पर राज्य की महिलाओं की ओर से भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि छात्रावासों के निर्माण से तीनों शहरों में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास मिलेगा।

स्वच्छता फीडबैक देने आव्हान

रायपुर। नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने नागरिकों से स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में स्वच्छता फीडबैक देने का आव्हान किया है। देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में केन्द्रीय टीम मार्च के प्रथम सप्ताह में राजधानी आ रही है। इसे ध्यान में रखते हुये निगम प्रशासन ने सभी दस जोनों के जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित वार्डो में साफ-सफाई पर जोर देने निर्देशित किया है। मीनल चौबे ने महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

मोतीबाग पानी टंकी की सफाई : नगर निगम के जल कार्य विभाग द्वारा मोतीबाग के 5100 किलोलीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई का कार्य करवाया गया।

खबर संक्षेप

युवा समाजसेवी बसंत ने पीएम मोदी का किया स्वागत

रायपुर। छतरपुर मध्यप्रदेश स्थित बागेश्वर धाम में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री बागेश्वर धाम कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च इंस्टिट्यूट का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह संस्थान देशभर के कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री के स्वागत के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने विशेष रूप से उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर हेमेंद्र साहू, आजाद गुर्जर, आशीष सोनी, जिवेश अग्रवाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

निधन

संजय उपाध्याय

रायपुर। कोटा रायपुर निवासी (अछोटी) वाले संजय उपाध्याय (55) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा गुढ़ियारी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. गणेश उपाध्याय के पुत्र, रीना उपाध्याय के पति और राजेश, नरेंद्र के भाई, सुष्टि, शौर्य के पिता थे।

स्वराज कौर विरदी

रायपुर। डीडीनगर सेक्टर-3, निवासी स्वराज कौर विरदी का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 26 फरवरी को प्रातः 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे असिस्टेंट प्रोफेसर उच्च शिक्षा संचालनालय जेएस विरदी की पत्नी थीं।

नारायण प्रसाद गुरु

रायपुर। टैगोर नगर निवासी नारायण प्रसाद गुरु (83) का 25 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे शांतिलता गुरु के पति और विधिका, विजय एवं विकास के पिता थे।

निर्मला देवी श्रीश्रीमाल

रायपुर। सेक्टर-2 मेन रोड देवेंद्रनगर निवासी निर्मला देवी (74) पति स्व. ताराचंद श्रीश्रीमाल का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को सुबह 10 बजे देवेंद्र नगर श्मशानघाट में किया जाएगा। आशीष, देवेश, जयेश उनके भतीजे एवं राजेश, युवराज, पुत्र हैं।

एक छात्र के लिए आयोजित की एमएससी जियोलॉजी की परीक्षा, वो भी हो गया फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्रों के खराब प्रदर्शन से जितना दुख उन्हें नहीं है, उससे कई गुना अधिक पीड़ा रविवि को हो रही है। कई कक्षा में एक-दो छात्र ही अटके हुए हैं। इनके लिए विश्वविद्यालय को बार-बार परीक्षा आयोजित करनी पड़ रही है। एक बार फिर इस तरह का मामला सामने आया है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को कई विषयों के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। इसमें एमएससी जियोलॉजी भी शामिल रहा। एमएससी जियोलॉली पुराने पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर के मात्र एक विद्यार्थी के लिए रविवि द्वारा परीक्षा आयोजित की थी। यह एकलौता छात्र भी फेल हो गया। नियमतः रविवि को उक्त छात्र के लिए परीक्षा तब तक आयोजित करनी पड़ेगी जब तक वह अनुत्तीर्ण नहीं हो जाता अथवा स्वयं ही परीक्षा फॉर्म नहीं भरता है।

रविवि ने उक्त छात्र को एटीकेटी श्रेणी में रखा है। एकलौते विद्यार्थी के लिए रविवि को पुनः समय-सारिणी जारी करनी पड़ेगी तथा विषय विशेषज्ञों से प्रश्नपत्र भी सेट करवाने होंगे। इस पूरी प्रक्रिया में विद्यार्थी से लिए जाने वाले परीक्षा शुल्क से कई गुना अधिक खर्च विवि प्रबंधन को करना होता है। ना केवल इस विषय में बल्कि कई अन्य ऐसे सब्जेक्ट हैं, जिसमें फेल हो रहे एक-दो विद्यार्थियों के लिए रविवि को परीक्षाएं आयोजित करनी पड़ती है।

बीबीए पंचम सेमेस्टर के परिणाम रहे 67.21%, 677 छात्रों ने दिलाई थी परीक्षा

जंतुशास्त्र के परिणाम बेहतर

रविवि द्वारा मंगलवार को जिन पांच कक्षाओं के परिणाम जारी किए गए हैं, उनमें सर्वाधिक अच्छे नतीजे जंतुशास्त्र के रहे हैं। एमएससी जंतुशास्त्र प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 412 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 380 अर्थात 92.23% विद्यार्थी सफल रहे। एमएससी जंतुशास्त्र पुराने पाठ्यक्रम की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 26 विद्यार्थियों में से 18 छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। बीबीए पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में सर्वाधिक विद्यार्थी शामिल हुए। 677 में से 455 सफल रहे। 62 को अनुत्तीर्ण तथा 160 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 67.21% रहा। एमएससी जियोलॉजी प्रथम सेमेस्टर में 15 में से 14 छात्र उत्तीर्ण रहे। सभी परिणाम रविवि ने अपने वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।

मूल्यांकन अंतिम चरण में

रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हुई थी। इसके साथ ही रविवि ने मूल्यांकन कार्य भी प्रारंभ कर दिए थे। केंद्रीकृत मूल्यांकन होने के कारण उत्तरपुस्तिकाएं तेजी के साथ जांची जा रही हैं। रविवि प्रबंधन के मुताबिक, मार्च के प्रथम पखवाड़े में सभी सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम संभावित हैं। मार्च के प्रथम सप्ताह से ही रविवि की वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू हो रही हैं।

पूर्व मंत्री मूणत के कथित सीडी मामले में नहीं हो सकी बहस

सेक्स सीडी मामले में बघेल, वर्मा सहित अन्य आरोपी हुए कोर्ट में पेश, सुनवाई अब 4 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम से भाजपा विधायक राजेश मूणत की कथित सेक्स सीडी मामले में अभियुक्त बनाए गए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके सलाहकार रहे विनोद वर्मा, विजय पांड्या, विजय भाटिया तथा कैलाश मुरारका मंगलवार को रायपुर कोर्ट में पेश हुए। इससे पूर्व सभी अभियुक्तों को 24 फरवरी को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उनके वकील की ओर से नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सहित अन्य कारण से कोर्ट में नहीं आने की सूचना दी गई थी। इस कारण कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की तारीख आज तक के लिए बढ़ा दी थी। आज सभी अभियुक्त कोर्ट में पेश हुए, पर इस मामले में दोनों पक्षों के वकील की ओर से बहस नहीं हो पाई। कोर्ट ने इस मामले की आगामी सुनवाई अब 4 मार्च तय की है, जिसमें दोनों पक्षों के वकील बहस करेंगे।

सीबीआई के पास एविडेंस, मुंबई में 95 हजार रुपए में बनी थी सीडी

कोर्ट में सुनवाई के बाद बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि कोर्ट में आज सीबीआई और कैलाश मुरारका और अन्य के विरुद्ध जांच पर बहस होनी थी। सीबीआई की ओर से वकील ने कोर्ट में तथ्य रख दिए हैं। इसके तहत सीबीआई की ओर से आरोप लगाए गए हैं कि वर्ष 2017 में बाम्बे में मानस साहू ने सीडी को मॉर्फ किया था। इसके लिए करीब 95 हजार रुपए का लेनदेन हुआ था। लेनदेन की राशि बैंक टू बैंक ट्रांसफर की गई थी। सीबीआई के मुताबिक उनके पास इस संबंध में इलेक्ट्रानिक उपकरण में एविडेंस भी हैं।

7 साल बाद मामले में हुई सुनवाई

पूर्व मंत्री राजेश मूणत का कथित सेक्स सीडी का मामला अक्टूबर 2017 में सामने आया था। इस मामले में सिविल लाइन थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद जांच करते हुए पुलिस ने दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार रहे विनोद वर्मा के ठिकाने पर छापा मारकर भारी मात्रा में अश्लील सीडी बरामद की थी। इस मामले में भूपेश बघेल पर भी साजिश रचने का आरोप लगा था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार किया था। वे करीब दो दिन जेल में भी रहे थे।

2018 में सीबीआई ने की थी चार्जशीट पेश

इस केस में सीबीआई ने वर्ष 2018 में चार्जशीट पेश की थी। चार्टशीट पेश करने के बाद मामले में बहस इसलिए नहीं हो पा रही थी कि सीबीआई ने छत्तीसगढ़ की जगह दिल्ली या अन्य दूसरे राज्य में इस केस को ट्रांसफर करने मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने इस मांग को अंततः खारिज कर दिया, जिसके बाद इस मामले की सुनवाई अब पुनः रायपुर में शुरू हुई है।

एक आरोपी ने की थी खुदकुशी

कथित सीडी कांड में साजिश का खुलासा होने के बाद इस मामले से जुड़े श्याम नगर निवासी रिंकू खनूजा ने 6 जून 2018 को खुदकुशी कर ली। सीबीआई ने रिंकू की मौत के बाद उसे आरोपी बनाया था। सीबीआई की जांच में दावा किया गया था कि रिंकू खनूजा और विजय पांड्या ने सीडी बनवाई। सीडी कांड में सरकारी गवाह बने कारोबारी लवली खनूजा ने भी अपने बयान में सीबीआई को बताया है कि रिंकू ने इस संबंध में उनसे संपर्क किया था।

खड़ी बस से दूसरी भिड़ी, आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के आमानाका क्षेत्र में टाटीबंध ओवरब्रिज के नीचे खड़ी बस से एक दूसरी यात्री बस जाकर भिड़ गई। इससे दोनों बस में सवार करीब दर्जनभर यात्री घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को एम्स में दाखिल कराया है, जिनमें एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि वह महिला दोनों बस के बीच में फंस गई थी, जिससे उसकी गर्दन व सिर में गंभीर चोट आई है।

आमानाका थाना प्रभारी ने बताया कि घटना सुबह करीब 11 बजे की है। टाटीबंध ओवरब्रिज के नीचे साइड रोड पर एक यात्री बस पहले ही खड़ी थी। उसमें कुछ यात्री बैठे हुए थे। इसी दौरान पीछे से दूसरी बस तेज रफ्तार से आ रही थी, जो सीधे खड़ी बस से जा टकराई। इस टक्कर में बस में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला भी शामिल है, जो खड़ी बस के पीछे खड़ी हुई थी। बताया जा रहा है, जैसे ही टक्कर हुई महिला दोनों बस के बीच फंस गई, जिससे उसकी गर्दन और सिर पर गंभीर चोट आई है। हादसे के बाद सभी घायलों को एम्स में भर्ती कराया गया है, जिनमें महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

दोनों बस चालकों के खिलाफ एफआईआर

पुलिस के अनुसार इस हादसे के लिए दोनों बसों के चालक जिम्मेदार हैं। जिस जगह पर बस को खड़ी किया गया था, वह ना ही स्टॉपेज है और न ही पार्किंग की जगह। इसके बाद भी चालक ने बस को रोड पर खड़ी किया था, वहीं दूसरी बस चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए दूसरी बस को टक्कर मारी है। इस तरह पुलिस ने इस मामले में दोनों बस के चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पंडित श्यामाचरण शुक्ल की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम कल

रायपुर। नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग द्वारा 27 फरवरी को अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल की जयंती अवसर पर प्रातः 10 बजे गांधी-नेहरू उद्यान गौरव पथ फेस -1 के सामने स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जोन 4 के सहयोग से होने वाले इस कार्यक्रम में गणमान्य जन व विभागीय अधिकारी शामिल होंगे।

आम-सूचना

(ग्राम राखी, प.ह.नं.- 24, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं.- 710 रकबा 1.180 हे. भूमि के संबंध में)

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती लक्ष्मी देवी टंडन पति श्री राधाकृष्ण टंडन, निवासी- वार्ड नं.-10, उपरवारा अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम राखी, प.ह.नं.- 24, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित ख.नं.- 710 रकबा 1.180 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर इस आशय का अग्रिम ब्याना अदा कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है, मात्र बैनामा पंजीयन कराना शेष था।

अतः उक्त संपत्ति के विक्रय संव्यवहार में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, साहूकार, शासकीय, संस्थान, आदि किसी को भी कोई आपत्ति दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सूचना में निर्धारित अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार अपने पक्ष में विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन करा लेगा बाद म्याद के किये गये आपत्ति अवैध होगी और मेरा पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः सो सूचना जाने।

दिनांकः- 25/02/2025

भवदीय
उत्तम यादव अधिवक्ता
पता कार्यालय- तहसील कार्यालय अभनपुर के सामने अभनपुर जिला रायपुर छ.ग., मो.नं. 9098984875,

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार के द्वारा श्रीमती कृष्णा कलवानी, पति श्री गुरूमुख दास कलवानी, श्रीमती रेखा कलवानी, पति श्री भावन दास कलवानी, श्रीमती रूखमणी देवी पति कुन्दन लाल चंचलानी, श्रीमती पुष्पा सिहानी पिता श्री भावन दास ठाकुर, हरीश कुमार जेठवानी, पिता श्री भावन दास जेठवानी के शामिल शरीक हक, आधिपत्य एंव स्वामित्व की कृषि भूमि मौजा ग्राम लालपुर, प.ह.नं.- 12, रा.नि.मं.- धरसींवा-1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के खसरा नंबर 3/1 शामिल खसरा 3/2 क्षेत्रफल 1. 3390 हे. एंव खसरा नंबर 18/1 क्षेत्रफल 0.6880 हे. कुल खसरा- 2 कुल रकबा 2.0270 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेखों में भावन दास वल्द टहल दास के नाम पर राजस्व अभिलेखों में बतौर भूमि स्वामी दर्ज है, उसे क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है, मात्र उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि/ भवन के क्रय विक्रय या अंतरण के संदर्भ में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन, साहूकार आदि को उक्त भूमि या उसमें किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनो के अंदर मेरे नीचे लिखे अनुसार पते पर मय दस्तावेज उपस्थित होवे, अन्यथा बाद बीतने म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा, बाद म्याद की गई उजर, दावा या आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक-19.02.2025

भवदीय
सुधीर चंदेल, अधिवक्ता
लिली चौक, पुरानी बस्ती रायपुर छ.ग.
मो.नं.- 0771-2233133

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 (रावांभाठा) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर

सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 17/02/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अगरवाल रमेश एच.यू.एफ. द्वारा कर्ता रमेश जगन्नाथ अगरवाल पिता स्व. जगन्नाथ अगरवाल निवासी मुंबई द्वारा आवेदित ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 (रावांभाठा) स्थित भूमि खसरा नंबर 724/5 रकबा 0.204 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र..../वाचक/तह./वर्ष 2024-25 धरसींवा के आदेश दिनांक 18/04/24 के परिपालन में दिनांक 27/02/25 को समय 11.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 86 के रावांभाठा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-21

सिविल जज के परिणाम चार साल बाद जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल जज के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। व्यवहार न्यायाधीश के 32 पदों के लिए 2020 में विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद लिखित परीक्षा के परिणाम 16 जून 2021 को जारी हुए। पद के 3 गुना अर्थात 96 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाना था। वर्ग-उप वर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धा के आधार पर 103 का चिन्हांकन किया गया। साक्षात्कार अगस्त 2021 में लिए गए। नियुक्ति नियम संबंधित मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण साक्षात्कार के परिणाम जारी नहीं किए जा सके। मामले पर फैसला आने के बाद पीएससी ने मंगलवार को अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। इस तरह से साक्षात्कार के लगभग चार वर्ष पश्चात पीएससी द्वारा अंतिम नतीजे जारी किए गए हैं।

खबर संक्षेप

एम्स में रुमेटोलॉजी पर कार्यशाला

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में "उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में रुमेटिक बीमारियां: चुनौतियां और अवसर" विषय पर दो दिन कार्यशाला का आयोजन किया गया है। रुमेटोलॉजी कार्यशाला और निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रुमेटोलॉजिकल रोगों के प्रबंधन से जुड़ी विशिष्ट चुनौतियों पर चर्चा करना और इन बीमारियों के निदान तथा उपचार के लिए नए अवसरों का अन्वेषण करना था। सत्र में छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों से लगभग 150 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें चिकित्सक, विशेषज्ञ, और स्नातकोत्तर छात्र शामिल हुए। विशेषज्ञों ने जटिल मामलों पर विचार-विमर्श किया, उपचार के दौरान आने वाली चुनौतियों को उजागर किया। एम्स रायपुर के कंसल्टेंट रुमेटोलॉजिस्ट डॉ. जोयदीप सामंता ने रुमेटोलॉजिकल बीमारियों के प्रबंधन में जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।

रेडियोग्राफरों ने की क्षतिपूर्ति भत्ता बढ़ाने की मांग

रायपुर। सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले रेडियोग्रॉफर ने क्षतिपूर्ति भत्ता बढ़ाने की मांग की है। उनका तर्क है कि तीस साल बाद भी उन्हें 50 रुपए भत्ता प्रदान किया जा रहा है। इस मामले में गठित समिति भी भत्ता बढ़ाने की सिफारिश कर चुकी है।
रेडियोग्रॉफर संघ के अध्यक्ष संतोष देवांगन ने कहा कि क्षतिपूर्ति राशि बेसिक वेतन का 10 प्रतिशत दिया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार एवं कार्य सुचारू संचालन के लिए पदों की संख्या वृद्धि करने और अत्यधिक संवेदनशील खतरनाक रेडिएशन कार्य के कारण 12 माह में एक माह का रेडिएशन अवकाश प्रदान करने के साथ पदनाम परिवर्तन कर रेडियोग्रॉफर से रेडियोलॉजी ऑफिसर किए जाने की मांग की है।

टारगेट से कम बकाएदारों से वसूली पर बिफरे आयुक्त, एक मार्च से सीलबंद की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम बीरगांव क्षेत्र में टारगेट से कम बकायेदारों से वसूली करने पर आयुक्त किशोर उर्वषा ने राजस्व अधिकारियों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द वसूली का टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अधिकारियों को संपत्ति कर के बकायेदारों की लिस्ट बनाकर डोर टू डोर संपर्क करने, विधिवत बिल, नोटिस एवं कुर्की की कार्रवाई करने तथा बकायेदारों के नाम की सूची उनके घर तथा कार्यस्थल के आसपास फ्लैक्स या होर्डिंग के माध्यम से सार्वजनिक करने के भी निर्देश दिए हैं। आयुक्त युगल किशोर उर्वषा ने गत दिनों पूर्व राजस्व संबंधी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में बकायेदारों से वसूली की समीक्षा की। इस दौरान राजस्व अधिकारियों ने जानकारी दी कि अभी तक 60 प्रतिशत ही वसूली हो पाई है, जबकि टारगेट 80 प्रतिशत से ज्यादा का है। इस पर आयुक्त ने नाराजगी जताई और कहा कि 31 मार्च तक 100 प्रतिशत वसूली हो जाना चाहिए। इसके लिए नियम प्रक्रिया के तहत जो भी कार्यवाही की जाती है वह करें। आयुक्त से प्राप्त निर्देश के परिपालन में राजस्व अधिकारी दीपक दीवान ने बताया कि ऐसे करदाता जिन्होंने अभी तक टैक्स नहीं पटाया है उनको मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सअप, टेक्स मेसेज में डिमांड बिल, नोटिस, आदि प्रेषित किया गया है, साथ ही ऑनलाइन लिंक की भी सुविधा दी गई है।

वसूली में तेजी लाने राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश

1 मार्च से सीलबंद की होगी कार्रवाई

प्रथम चरण में सभी करदाताओं को डिमांड बिल, नोटिस, आदि की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार दूसरे चरण में कुर्की आदि की कार्यवाही प्रस्तावित की गई। तृतीय एवं अंतिम चरण में बकायदारों को लोक अदालत में पेशी के लिए सूचित किया गया है। इसके बाद भी अगर कोई टैक्स भुगतान नहीं करता है तो ऐसे बकायेदारों की संपत्तियों को सीलबंद किया जाएगा। उल्लेखीय है कि इस वित्तीय वर्ष लगभग 2.5 करोड़ की राशि ऑनलाइन निगम को प्राप्त हुई है जो कि अब तक कि कुल वसूली का लगभग 25 प्रतिशत है। नगर निगम बिरगांव में वसूली को सहज, सुगम बनाने पूरे राजस्व रिकॉर्ड को डिजिटल और ऑनलाइन कर दिया गया है किसी भी आरआई को वसूली के लिए मैन्युअल कार्य करने की आवश्यकता ही नहीं है, सारे कार्य डिजिटल होने से आम जनों को सुविधा होने के साथ साथ निगम कर्मचारियों के काम में भी तेजी आई है।

दवा सेवन अभियान 27 से 1.45 लोगों को खिलाएंगे फाइलेरिया रोधी दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए राज्य में 27 फरवरी से 13 मार्च तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। इस अवधि में 17 जिले के करीब 1.45 करोड़ लोगों को इसकी दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए बूथ के साथ घर-घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं ने बताया कि सामूहिक दवा सेवन अभियान में लगभग 14583936 लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डीईसी, अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन की निर्धारित खुराक दी जाएगी।

इसके लिए 53015 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटरों के द्वारा 30406 बूथ एवं घर- घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित है। यह दवा शरीर में पनप रहे फाइलेरिया संक्रमण को समाप्त करने के लिए दी जाती है। 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर बाकी को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा। इसके तहत 27 फरवरी से 2 मार्च तक बनाए जाने वाले बूथों में, 3 से 13 मार्च तक घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जाएगा।

मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडर का सहारा

मेंटेनेंस कंपनी सीजीएमएससी से ब्लैक लिस्टेड, आधा चल रहा डीकेएस का प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑक्सीजन प्लांट के रखरखाव में लापरवाही बरतने की वजह से सीजीएमएससी द्वारा संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन में होने वाले आधे उत्पादन और ऑक्सीजन सिलेंडर के भरोसे मरीजों का इलाज चल रहा है। प्लांट के लिए नई एजेंसी तय की जाएगी अथवा रखरखाव के लिए अस्पताल प्रबंधन को एनओसी मिलेगी, इस पर अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। अस्पताल को राहत देने की क्षमता रखने वाली पीएम केयर का लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट का पैसो लाइसेंस भी सीजीएमएससी द्वारा अटकाकर रखा गया है। दवा कार्पोरेशन ने डीकेएस अस्पताल के आक्सीजन प्लांट के रखरखाव के लिए जिस कंपनी को तय किया था, उसके द्वारा लापरवाही बरती गई और काफी इंतजार के बाद कंपनी को तीन साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। इसके बाद ऑक्सीजन प्लांट के पूरी ताकत से ऑक्सीजन उत्पादन पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। प्लांट में सुधार कार्य और उसके मेनटेनेंस के लिए नई एजेंसी तय की जाएगी अथवा अस्पताल प्रबंधन को इसके लिए एनओसी देकर सीजीएमएससी के अफसर अपनी जिम्मेदारी पूरी करेंगे। वर्तमान में प्लांट आधे से भी कम ऑक्सीजन तैयार कर पा रहा है, शेष जरूरतों को बाहर से ऑक्सीजन खरीदकर पूरा किया जा रहा है, जिसके लिए अस्पताल प्रबंधन को बड़ी राशि खर्च करनी पड़ रही है। मांग पूरी करने के लिए अस्पताल के पास कोरोनाकाल में स्थापित लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट है, मगर इसे शुरू करने के लिए पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन लाइसेंस की आवश्यकता होती है, जो सीजीएमएससी के माध्यम से जारी होना है।

बड़ी राशि हो चुकी खर्च

मरीजों के ऑक्सीजन की डिमांड पूरी करने के लिए अस्पताल प्रशासन आक्सीजन प्लांट के बीमार होने के बाद करीबन चार करोड़ रुपए खर्च कर चुका है। प्लांट अगर दुरुस्त होता तो इस राशि की मदद से अस्पताल में मरीज हित में बड़ी योजना को पूरा किया जा सकता था। विभागीय लापरवाही की वजह इस राशि के अलावा बिगड़े प्लांट के सुधार भी बड़ी राशि खर्च की जा चुकी है।

आंबेडकर अस्पताल में भी प्लांट

कोरोना महामारी के दौरान पीएम केयर के माध्यम से डीके अस्पताल के अलावा आंबेडकर अस्पताल में भी लिक्विड ऑक्सीजन गैस प्लांट लगाया गया था। इस प्लांट के उत्पादन के लिए भी अनुमति प्रक्रिया लंबित पड़ी है। आंबेडकर अस्पताल के पास अपना बड़ा ऑक्सीजन प्लांट है, जिसकी मदद से अस्पताल के तमाम विभागों से आने वाली डिमांड पूरी हो जाती है।

राजीव गांधी चौक को 3 मीटर किया चौड़ा लेफ्ट टर्न आसान

रायपुर। शहर के विभिन्न चौराहों से नागरिकों की सुगम आवाजाही के लिए सुव्यवस्थित करने का कार्य नगर निगम और ट्रैफिक महकमे के माध्यम से किया जा रहा है। नगर निगम जोन 4 के लोककर्म विभाग ने राजधानी के पुराना फायर ब्रिगेड चौक यानी राजीव गांधी चौक को करीब 3 मीटर चौड़ा कर लेफ्ट टर्न आसान कर दिया है। इससे शहरवासियों को अब इस मार्ग में सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। दरअसल, नगर निगम जोन 4 के राजीव गांधी चौक पर पुराने अनुपयोगी आइलैंड को जनसुविधा की दृष्टि से हटा दिया गया है। इससे राजीव गांधी चौक के बांये मोड़ की ओर यातायात काफी सुगम हो गया है। पहले यहां नागरिकों को अधिकतर ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ता था, पर अब ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होगी। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अलग-अलग जोन में यातायात सुगम बनाने कार्य किया जा रहा है।

जय व्यापार पैनल के प्रदेश चुनाव कार्यालय का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में मंगलवार को जय व्यापार पैनल के संरक्षक मंडल की आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव को लेकर चर्चा की गई। यह तय हुआ कि महाशिवरात्रि के अवसर पर जय व्यापार पैनल के प्रदेश चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया जायेगा। पैनल के संरक्षक मंडल द्वारा 26 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे बजे ईएसी कॉलोनी,

ऑक्सीजोन गार्डन के पास प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ होगा। चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर जय व्यापार पैनल के संरक्षक मंडल सहित पैनल के सदस्य एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी, उत्तम गोलछा, मगेलाल मालू, जीतेन्द्र दोशी, राजेन्द्र जग्गी, सुरिंदर सिंह, वाशु मखीजा, भरत जैन, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, अमर धिगांनी, विजय पटेल, महेश जेठानी, जयराम कुकरेजा, विजय जैन, नीलेश मूंदड़ा, दिलीप इसरानी, सतीश श्रीवास्तव, लोकेश साहू, दीपक विधानी, हिमांशु वर्मा, नीलेश सेठ, रतनदीप सिंह, राजेंद्र खटवानी, अमित गुप्ता, बीएस परिहार एवं गोल्डी लूनिया उपस्थित रहे।

राजनांदगांव की झांकी आकर्षण का केन्द्र

नीलकंठेश्वर मंदिर से बैंड बाजे के साथ आज निकलेगी भोलेबाबा की भव्य बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीलकंठेश्वर धाम परिवार की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी में नीलकंठेश्वर धाम मंदिर जलगृह मार्ग से बैंड बाजे के साथ बुधवार को शाम 6 बजे भोलेबाबा की भव्य बारात निकाली जायेगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल होंगे। शिवजी की बारात में नागपुर के गणेश कृपा धुमाल और ओडिशा के पारंपरिक वाद्य के साथ शिवानी मेलोडी के कलाकार धूम मचाने शामिल होंगे। यही नहीं, राजनांदगांव की भव्य झांकी इस मौके पर राजधानीवासियों के आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

नीलकंठेश्वर धाम परिवार के संरक्षक मनोज वर्मा, सुशील ओझा और सन्नी वर्मा ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए मनोज वर्मा ने बताया कि पिछले दस वर्षो से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवजी की भव्य बारात निकालने का सिलसिला चल रहा है। उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ की बारात का आकर्षण इस बार नवागांव से मंगाई गई शिवजी की नंदी सवार सुंदर मूर्ति रहेगी। इसके साथ ही भगवान महादेव के गण और विभिन्न देवी-देवता बाराती के रूप में इन मूर्तियों में नजर आयेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रीहर नीलकंठेश्वर धाम मंदिर से भव्य झांकियों के साथ बैंड बाजे के बीच जयकारे लगाते शिवजी की बारात निकाली जायेगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पश्चिम विधायक राजेश मूणत, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर क्षेत्र विधायक पुरंदर मिश्रा, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, नगर निगम रायपुर की निर्वाचित महापौर मीनल चौबे सहित क्षेत्र के नवनिर्वाचित पार्षद शामिल होंगे।

बिजनेस साइट

यूको बैंक अंचल कार्यालय रायपुर का एमएसएमई और एग्री कार्निवल

रायपुर। यूको बैंक अंचल कार्यालय रायपुर द्वारा एमएसएमई और एग्री कार्निवल पखवाड़े के तीन चरणों में आयोजन किया जा रहा है, जिसका पहला चरण 24 फरवरी को होटल तुलिप एरीना, लभांडी में आयोजित किया गया। इस आयोजन में बैंक के महाप्रबंधक धीरज पटवर्धन ने प्रधान कार्यालय कोलकाता से उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्रदान किया। राज्य सरकार की ओर से बतौर मुख्य अतिथि वित्त सचिव शीतल शाश्वत वर्मा उपस्थित थीं। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उद्यमियों तथा किसानों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में अंचल प्रमुख लकी नायक ने एमएसएमई और कृषि विभाग की विभिन्न ऋण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वित्त सचिव शीतल वर्मा और महाप्रबंधक धीरज पटवर्धन द्वारा बैंक के ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए, जिसमें कुल 25 करोड़ की लोन स्वीकृति की गई।

हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट एक्सपो में पारंपरिक हस्तशिल्प का अनोखा संगम

रायपुर। देवेंद्र नगर स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी गेट नंबर-1 के सामने ओपन ग्राउंड में चल रहा हैण्डलूम हैण्डीक्रॉफ्ट एक्सपो राजधानीवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। देशभर के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकार अपनी बेहतरीन कारीगरी के साथ यहां मौजूद हैं। एक्सपो में कश्मीरी साड़ियां, कुर्तियां और हैंडमेड कपड़ों का अनोखा संग्रह देखने को मिल रहा है। अनुभवी कारीगरों द्वारा तैयार हैंडवर्क और आरी वर्क की साड़ियां बेहद आकर्षक हैं। साथ ही कश्मीरी कानी डिजाइन भी उपलब्ध है। खास बात यह है कि यहां के कपड़े बेहद किफायती कीमतों पर मिल रहे हैं और 20 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है। एक्सपो संचालक के अनुसार गर्मी के मौसम को देखते हुए यहां लेडीज टॉप, हैरम, कार्डिगन जैसे रेडीमेड आइटम्स की अच्छी रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा खादी जैकेट, खादी शर्ट, आरी वर्क और पश्मीना साड़ियां भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। पुरुषों के लिए जेंट्स ट्रैक सूट और जैकेट भी काफी डिमांड में हैं।

श्री बालाजी गारमेंट सेल में ब्रांडेड कपड़ों पर महाबचत ऑफर

रायपुर। घड़ी चौक स्थित गुरु तेगबहादुर हॉल में चल रहे श्री बालाजी रेडीमेड गारमेंट सेल को रायपुरियंस से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है, क्योंकि यहां ब्रांडेड कपड़े होलसेल रेट पर उपलब्ध हैं। श्री बालाजी सेल के संचालक सूर्या यादव ने बताया कि शहरवासियों के लिए इस मेगा सेल में ब्रांडेड जींस, टी-शर्ट, शर्ट, लेडीज वियर और साड़ियां बेहद किफायती दामों पर उपलब्ध हैं। जानकारी के अनुसार, ब्रांडेड जींस जिनकी एमआरपी 3000 से 4000 रुपए तक थी, अब केवल 500 से 700 रुपए में मिल रही है। वहीं ब्रांडेड टी-शर्ट 249 रुपए में उपलब्ध है, जबकि उनकी पहले की कीमत 1500 से 2000 रुपए तक थी। नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स पर भी शानदार छूट दी जा रही है। महिलाओं के लिए जीन्स, प्लाजो, फैंसी टॉप, लैगीज, क्रॉप टॉप, कॉटन टॉप, लॉन्ग टॉप, कॉटन पैंट और ब्रांडेड जींस शर्ट मात्र 99 से 199 रुपए में उपलब्ध हैं।

पारस ग्रुप ऑफ एजुकेशन में महिलाओं को निशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग

रायपुर। डिजिटल युग में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने की चाहत रखने वाली महिलाओं के लिए भाठागांव स्थित पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन ने एक शानदार पहल की है। महिला दिवस के अवसर पर संस्था ने फ्री कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया है, जिसमें महिलाओं और युवतियों को कंप्यूटर तथा डिजिटल वर्ल्ड की बुनियादी जानकारी दी जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। यह 30 दिनों का कोर्स पूरी तरह से व्यावहारिक और रोजमर्रा के उपयोग पर केंद्रित होगा। इसमें महिलाओं को बेसिक कंप्यूटर स्किल्स, इंटरनेट, ऑफिस वर्क, सोशल मीडिया व मार्केटिंग स्किल्स सिखाया जाएगा।

विश्वभारती प्रीमियर लीग सीजन 5 का भव्य शुभारंभ

रायपुर। मारुती सुजुकी के अधिकृत विक्रेता विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स मोवा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल स्पर्धा (विश्वभारती प्रीमियर लीग) का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मोवा में 24 फरवरी को अभिनव सहगल (रीजनल मैनेजर-सेल्स) के करकमलों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, क्रिकेट, कैरम और शतरंज जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कर्मचारियों के लिए एक शानदार अवसर है, जहां वे अपने पसंदीदा खेलों में भाग लेते हैं, अपनी टीमों का समर्थन करते हैं और विभिन्न खेलों का आनंद लेते हैं। शुभारंभ अवसर पर संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर यशवंत अग्रवाल, सीईओ दिशा अग्रवाल, टीएसएम सौरव यदु, टू वैल्यू टीएसएम मनीष कुमार, टीएसएम सफाक फिरोज समेत संस्था के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

पेज 11 के शेष

शहर से बाहर जा...

बन रहा है, जहां निगम से अनुबंधित एजेंसी इस कार्य को प्रमुखता से करेगी। शहर में आवारा और दुघर्टनाग्रस्त कुत्तों के लिए जल्द ही एक सुरक्षित आश्रय स्थल शुरू होगा। सोनडोंगरी में 77 बाड़ों वाला डॉग शेल्टर होम बनकर तैयार है। यहां अलग-अलग बाड़ों में स्ट्रीट डॉग को रखा जायेगा, पालतू कुत्तों के लिए इसमें 10 बाड़े सुरक्षित रखे जायेंगे। डॉग शेल्टर होम में घायल व बीमार कुत्तों के इलाज व देखभाल की विशेष व्यवस्था रहेगी।

एक वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम...

वाले विद्यार्थियों को 2 साल के बीएड पाठ्यक्रम में ही प्रवेश मिल सकेगा। चार साल तक स्नातक की पढ़ाई करने वाले ही एक वर्षीय बीएड के लिए पात्र होंगे।

जेलों में लगे हर-हर...

अफसरों ने की जल से भरी मटकी की पूजा-अर्चना: सेंट्रल जेल में कैदियों के स्नान के लिए त्रिवेणी संगम का जल एक मटकी में लाया गया था। जल को कुंड के पानी में मिलाने से पहले जेल उप महानिरीक्षक एसएस तिग्गा सहित अन्य अधिकारियों ने जल की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे आयोजन का उद्देश्य कैदियों को आध्यात्मिक शुद्धि का अनुभव कराना और उनकी मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाना है। गंगाजल को भारतीय संस्कृति में पवित्र और शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य सहित जेल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार एवं जेल प्रशासन की पहल पर प्रदेश के सभी जेलों में प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र गंगाजल से कैदियों को सामूहिक स्नान कराने की व्यवस्था की गई। इसके लिए महाकुंभ से पवित्र जल मंगाया गया, जिसे मटकियों में भरकर प्रदेश की सभी सेंट्रल, जिला एवं उप जेलों में भेजा गया है।

सेंट्रल जेल में दिखा...

से स्नान करने के दौरान जेल परिसर में महाकुंभ का माहौल दिखा। पवित्र जल से स्नान करके कैदियों को भी ऐसा अनुभव हुआ, जैसे वे प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में ही स्नान कर रहे हैं।

आंबेडकर अस्पताल के...

चिकित्सकों ने एक्स-रे और एमआरआई कराने की सलाह दी थी। वार्ड में मौजूद एक युवक जिसे मामले का संदेही माना जा रहा है, वह व्हील चेयर धकेलकर महिला को एक्स-रे रूम तक ले गया। कुछ देर बाद वह एक्स-रे कक्ष से निकलकर चला गया। एक्स-रे रूम के टेक्निशियन ने जब जांच के लिए महिला के शरीर से सोने-चांदी के जेवर निकालने कहा, तब परिवार वालों को मंगलसूत्र गायब होने का पता चला। उन्होंने अस्पताल से सीसीटीवी फूटेज निकलवाकर मामले की शिकायत मौदहापारा थाने में की। आरोप है कि वहां शिकायती आवेदन तो लिया गया, मगर एफआईआर कर संदेही की तलाश करने के लिए परिवार वालों से मंगलसूत्र की रसीद मांगी। दूसरी ओर मौदहापारा थाना प्रभारी का कहना है कि घटना की सूचना दी गई थी, परिवार वालों को दूसरे दिन एफआईआर के लिए बुलाया गया था मगर वे नहीं आए।

मार्च की शुरुआत...

है, जो दिन और रात के तापमान को बढ़ाने में सहायक होगी। दिन का पारा चढ़ने की वजह से तेज गर्मी महसूस होगी, मगर रात में बेचैनी बढ़ने का अनुमान है। एक मार्च तक प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में 1 मार्च तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान में करीब 3 डिग्री वृद्धि होने की संभावना है। बस्तर संभाग के जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 मार्च तक पारा चढ़ने के आसार हैं। मंगलवार को राज्य में अधिकतम तापमान दुर्ग का 34.8 डिग्री रिकार्ड किया गया, वहीं रायपुर का पारा 34 पर सिमटा रहा। सबसे कम तापमान 11.1 अंबिकापुर का दर्ज हुआ, जबकि रायपुर का पारा 19.5 तक पहुंचा।

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

छत्तीसगढ़ी रीति रिवाज से....

लाइव इवेंट

प्रदर्शनी में महादेव के रौद्र रूप का दृश्य देशभर के कलाकारों ने बनाया चित्र

रायपुर। महाकोशल कला परिषद द्वारा 'महादेव राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी' का आयोजक किया गया है। चार दिवसीय प्रदर्शनी में देशभर से 220 कलाकरों के चित्र देखने को मिल रहे हैं। शहर स्थित महाकोशल परिषद में 28 फरवरी तक प्रदर्शनी संचालित की जाएगी, जिसे शाम 5-7 बजे दर्शाया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश के कलाकारों को मंच देना है और उनकी प्रतिभा का बखान करना है। इस अवसर पर कलाकारों ने भगवान शंकर और नंदी, शिव परिवार एवं महादेव का रौद्र रूप दर्शाने का प्रयास किया, अद्भुत प्रदर्शनी में कलाकारों की चित्रकारी शहरवासियों को पसंद आ रही है। इसमें नई दिल्ली से गोपाल नास्कर, अहमदाबाद से अजय तिवारी व माईनक भट्टाचार्य, मुंबई से मनीष महानंद, निकहत फातिमा बेगम, लखनऊ से धनंजय पंवार, वाराणसी से विनोद कुशवाहा, प्रदेश से कल्याण प्रसाद शर्मा, श्याम निनोरिया, दिशा ठाकुर, विजय वरठे, असीम प्रताप हिरवानी, तरूण वंशपाल द्वारा बनाए गए चित्र देखने को मिलेंगे।

महादेव राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन

प्रदर्शनी में शिव और माता पार्वती का रौद्र रूप दर्शाया गया है, जिसे पेंसिल की मदद से कलाकारों ने तैयार किया है। मनमोहक चित्रकारी ने शहरवासियों को सोचने पर मजबूर कर दिया, इसमें कलाकार के मनोभावों को भी समझा जा सकता है, जिसने एक कला के माध्यम से चित्र को जीवंत किया। इस अवसर पर नंदी, शिवलिंग और वासुकी नाग का अद्भुत चित्र देखने को मिला, जिसमें नंदी महाराज के ऊपर शिवलिंग विराजमान है, वहीं वासुकी नाग फन फैलाए नगर आ रहा है।

● मनोवैज्ञानिकों ने कहा- परीक्षा के बारे में अनिश्चितता से आता है स्टूडेंट्स में डर

प्रवेशपत्र गुम होने पर वेबसाइट से करें डाउनलोड

हादसे के हालात में 50 रुपए में छोटी कक्षा के विद्यार्थी से लिखवा सकते हैं पर्चा

10वीं बोर्ड परीक्षा में अब सिर्फ 4 दिन ही शेष हैं और स्टूडेंट्स पूरी तरह से अपनी पढ़ाई में व्यस्त हैं, लेकिन जिन स्टूडेंट्स की तैयारी पूरी नहीं हो पाई है, वे इस समय परीक्षा को लेकर चिंतित हैं। इस दौरान कई स्टूडेंट्स सवाल पूछ रहे हैं कि परीक्षा में किस तरह के सवाल पूछे जा सकते हैं और एग्जाम को कैसे लिखना चाहिए।

रायपुर। हरिभूमि ने इस विषय पर शिक्षकों और मनोवैज्ञानिकों से बातचीत की। विशेषज्ञों का कहना है कि कई स्टूडेंट्स तैयारी की कमी के कारण तनाव में हैं, लेकिन जिनकी तैयारी पूरी हो चुकी है, वे अब अपनी रणनीति पर ध्यान दे रहे हैं कि परीक्षा में किस प्रकार से जवाब देना चाहिए। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, स्टूडेंट्स का डर अक्सर परीक्षा के बारे में अनिश्चितता से आता है। इसलिए उन्हें खुद पर विश्वास रखना चाहिए और अधिक से अधिक अभ्यास करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि समय प्रबंधन और सही रणनीति के साथ ही बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस समय स्टूडेंट्स को शांत मन से पढ़ाई करनी चाहिए और परीक्षा से पहले आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए।

इन बातों का रखें विशेष ध्यान

समय नहीं पहुंचने से नहीं मिलेगी अनुमति

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार परीक्षा सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। विलंब होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिलेगी। यदि कोई छात्र 9.45 बजे तक परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंचता है तो उसे कक्षा में प्रवेश नहीं मिलेगा।

परीक्षा हॉल में रखें ये चीजें

परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक वस्तु, नकल पर्चा, कैल्क्युलेटर या हाथ व कपड़ों में कुछ लिखकर लाना पूरी तरह से मना है। विद्यार्थियों को केवल अपने कंपास बॉक्स में ब्लू या ब्लैक पेन, पेंसिल, रबर, कटर और स्केल रखना होगा। उत्तरपुस्तिका में हाइलाइटर का प्रयोग न करने की सख्त चेतावनी दी गई है। इसके अलावा, परीक्षा के दौरान अनावश्यक वस्तुएं रखने पर नकल प्रकरण की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसलिए छात्रों को इन निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

स्वस्थ शरीर के लिए ब्रेक जरूरी

मनोवैज्ञानिक और काउंसलर अरूणा जैन ने बताया कि परीक्षा के दौरान छात्रों की समय सारिणी में बदलाव आवश्यक है। दिनचर्या सुबह 5 बजे से शुरू करनी चाहिए और रात 11.30 बजे तक सो जाना चाहिए। सुबह के समय में शांत वातावरण में कठिन सवालों को याद करने पर फोकस बेहतर रहेगा। इसके अलावा रोजाना कम से कम 6 घंटे की नींद लेनी चाहिए। दो घंटे पढ़ाई के बाद 15 मिनट का ब्रेक लेना चाहिए, ताकि थकान कम हो और दिमाग ताजगी से भरा रहे। जो बच्चे माइंड फ्रेश रखने के लिए म्यूजिक, डांस, वॉक या इनडोर-आउटडोर गेम्स खेलते हैं, उन्हें परीक्षा के दौरान इन गतिविधियों को बंद नहीं करना चाहिए। साथ ही फास्टफूड से बचना चाहिए और स्वस्थ आहार का सेवन करना चाहिए। छाछ, सूप, फल, जूस और नारियल पानी जैसे लिक्विड शरीर के लिए फायदेमंद रहेंगे।

पेरेंट्स रोज बच्चों से कहें : मैं तुम्हारे साथ हूं

परीक्षा के दौरान पेरेंट्स आउटडोर एक्टिविटी कम करें और अधिक से अधिक समय बच्चों को दें। समय पर खाने का ध्यान रखें और उन्हें हौसला दें। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि सिर्फ एक लाइन बच्चों को पढ़ाई की नई उम्मीद दे सकती है, जिससे आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोका जा सकता है। तुम अपना 100% दो, रिजल्ट जो भी आएगा मैं तुम्हारे साथ हूं..,यह सामान्य-सी लाइन बच्चों की जिंदगी बदल सकती है।

परीक्षा में इन बातों का रखें ध्यान

उत्तर लिखने के बाद टिक करें सवाल

शिक्षिका अंजू ठाकुर ने बताया कि परीक्षा सेंटर पर समय से पहले पहुंचें। शुरुआत के 10-15 मिनट प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ें और जिन प्रश्नों का उत्तर पहले देना है, उन्हें टिक करें। सरल प्रश्नों को पहले हल करने से आत्मविश्वास बढ़ता है, और जो प्रश्न कठिन लगते हैं, वे भी आसान लगने लगते हैं। लेखन के दौरान सही उत्तर क्रमांक लिखें, और हल करते समय 'अ' और 'ब' का जिक्र जरूर करें।

बोलचाल की भाषा में लिखने से बचें

शिक्षिका के अनुसार, सभी विषयों में अपने शब्दों का इस्तेमाल करना जरूरी है, लेकिन बोलचाल की भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। गणित, विज्ञान, समाजिक विज्ञान, भौतिकी, रसायन, अंग्रेजी और हिंदी जैसे विषयों में संबंधित विषय के शब्दों का चयन करें। इससे सटीक उत्तर मिलेगा और नंबर प्राप्त होंगे। पेपर लिखते वक्त क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी पर ध्यान दें।

स्टूडेंट्स के लिए यह है विशेष सुविधा

अगर किसी अभ्यर्थी का प्रवेशपत्र गुम हो जाता है तो चिंता की कोई बात नहीं है। मंडल के जेके अग्रवाल ने बताया कि ऐसे मामलों में अभ्यर्थी अपना प्रवेशपत्र **cgbse.nic.in** वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। यदि परीक्षा सेंटर में स्कूल के प्राचार्य मौजूद हों, तो अभ्यर्थी उनसे भी पहचान करा सकते हैं और परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

लिखने में असमर्थ छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था

इस वर्ष दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में लाखों छात्र-छात्राएं शामिल होने जा रहे हैं। राज्यभर में परीक्षा के दौरान दिव्यांग विद्यार्थियों और लिखने में असमर्थ छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यदि किसी विद्यार्थी के हाथ की हड्डी टूटने जैसी स्थिति बनती है तो उसे लिखने में मदद के लिए छोटे कक्षा के किसी विद्यार्थी की व्यवस्था की जाएगी जो उसकी उत्तरपुस्तिका पर छात्र द्वारा बताए गए उत्तर लिखेगा। दिव्यांग छात्रों के लिए यह सुविधा निशुल्क है, जबकि हड्डी टूटने की स्थिति में विद्यार्थियों से 50 रुपए शुल्क लिया जाएगा। इस प्रकार की दुर्घटना होने पर अभिभावकों को शीघ्र ही मंडल को सूचना देनी होगी, ताकि आवश्यक व्यवस्था की जा सके।

सिटी इवेंट

महाविद्यालय में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरुआत

रायपुर। शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम नेतृत्व एवं गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुभा झा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वनस्पति शास्त्र की प्रोफेसर डॉ. सुनीता पात्रा उपस्थित रहीं। डॉ. झा ने बताया कि यह ट्रेनिंग कार्यक्रम छात्रों को उनके पाठ्यक्रम में पढ़ाए गए विषयों को आगे व्यवसाय या उद्यमिता के रूप में विकसित करने में सहायक होगा। छात्र इस ट्रेनिंग को किसी बहुउद्देशीय कंपनी में इंटर्नशिप के रूप में भी आगे जारी रख सकते हैं, जिसके लिए महाविद्यालय एवं विभाग की ओर से सहयोग मिलेगा।

भोजन को सुरक्षित रखने स्वच्छता जरूरी

प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। हमारे घर में प्रचलित परंपरागत विधियों को वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण के माध्यम से समझा जा सकता है, यह प्रशिक्षण छात्रों के कौशल विकास को बढ़ावा देगा। मुख्य वक्ता डॉ. पात्रा ने भोजन को खराब करने वाले सूक्ष्मजीवों के विषय में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों को खराब करने वाले कारक कई श्रेणियां के होते हैं, भोज्यनाश एवं संक्रमण फैलाने में सूक्ष्मजीव, नमी एवं अनुचित तापमान प्रमुख होते हैं। भोजन को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक स्वच्छता एवं आरोग्यता की समझ होनी चाहिए।

मैराथन में भाग लेने के लिए कल तक होगा रजिस्ट्रेशन

रायपुर। विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़, महिला प्रकोष्ठ एवं विप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी सशक्तिकरण व स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से रायपुर हाफ मैराथन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 2 मार्च को सुबह 6.30 बजे से मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब में शुरू होगा। मैराथन में भाग लेने के लिए अपना निशुल्क रजिस्ट्रेशन 27 फरवरी रात्रि 10 बजे तक आवश्यक जानकारी देकर कर सकते हैं। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि यह मैराथन 5 किमी की होगी, जिसमें 8 वर्ष से ऊपर का कोई भी पुरुष-महिला भाग ले सकते हैं। इस मैराथन में निशुल्क रजिस्ट्रेशन होगा एवं सभी प्रतिभागी को संस्था द्वारा निशुल्क टी-शर्ट, कैप एवं नाश्ता उपलब्ध कराया जाएगा। विजेता प्रतिभागी को संस्था द्वारा उचित पुरस्कार, मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

थ्रीडी पेंटिंग में 'बापू' के आंदोलन की यादें



रायपुर। आजाद चौक में राष्ट्रपति महात्मा गांधी के नेतृत्व में चले देश के स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण आंदोलनों को दीवारों पर थ्रीडी पेंटिंग के रूप में उकेरा गया है। इसमें गांधीजी की पैदल यात्रा और नमक सत्याग्रह की यादें ताजा की गई हैं, जो लोगों को आकर्षित कर रही हैं। इस पेंटिंग के जरिए गांधीजी की प्रेरणादायक यादें अब भी लोगों को जागरूक कर रहीं और जोड़ रही हैं।

नाटक 'अनादि मैं, अनंत मैं' का आज होगा मंचन

रायपुर। महान क्रांतिकारी वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर बुधवार शाम 7 बजे से चौबे कॉलोनी स्थित महराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में हिंदी नाटक 'अनादि मैं, अनंत मैं' का मंचन किया जाएगा। इस नाटक में वीर सावरकर के जीवन की प्रमुख मार्मिक घटनाओं को दिखाया जाएगा। नाटक की प्रस्तुति विंग्स सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स कल्चरल समिति कटनी मध्यप्रदेश के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। महाराष्ट्र मंडल के सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने बताया कि इस नाटक में बताया जाएगा कि वीर सावरकर का जीवन भारत के इतिहास का स्वर्णिम काल रहा है। इसे न केवल छिपाकर रखा गया, बल्कि योजना के तहत सामान्य भारतीयों को सावरकरजी के विषय में भ्रमित किया गया। नाटक का रिहर्सल इन दिनों कटनी में ही हो रहा है। इसमें भाग लेने वाले सभी कलाकार कटनी शहर के ही हैं। नाटक का निर्देशन युवा अभिनेता और निर्देशक हिम्मत गोस्वामी ने किया है।

पूर्व राज्यपाल बैस होंगे शामिल

मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि नाट्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस होंगे। जबकि अध्यक्षता पुर्णेंदू सक्सेना, क्षेत्रीय संघ चालक, मध्यक्षेत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करेंगे। विशेष अतिथि भाजपा आईटी सेल के प्रमुख दीपक म्हस्के होंगे। नेहरू युवा केंद्र के 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत रायपुर पहुंचे गुजरात के युवा भी नाटक देखने के लिए विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्नर न्यूज

श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी की ओर से भैरव नगर में 5 बेटियों का होगा आदर्श विवाह

बचपन में माता-पिता का छूटा साथ, अब पुलिस परिवार करेगा कन्यादान आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों के जीवन में आज खुशियों की नई शुरुआत

रायपुर। जीवन में जब माता-पिता का साया सिर से उठ जाता है तो न सिर्फ बच्चों के सपने टूट जाते हैं, बल्कि उनके चेहरे पर उम्मीद की रोशनी भी बुझने लगती है, लेकिन छत्तीसगढ़ पुलिस परिवार की एक अनूठी पहल ने ऐसी बेटियों के जीवन में न केवल खुशियां लाई हैं, बल्कि उन्हें एक नई दिशा भी दी है। आज 5 बेटियों के आदर्श विवाह का आयोजन श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी की ओर से भैरव नगर में किया जाएगा। इसमें एक बेटी के माता-पिता नहीं है, जिसका कन्यादान पुलिस परिवार के सदस्य भाई बनकर करेंगे तो वहीं बाकी आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे परिवार की मदद करने संस्था ने यह कदम उठाया है। संस्था के महेश नेताम ने बताया कि बीते तीन सालों से पुलिस परिवार ने गरीब बेटियों की शादी कर उन्हें नए जीवन की शुरुआत करने देने का जिम्मा उठाया है। इस कदम से इन बेटियों के जीवन में उम्मीद और खुशियों की नई किरण जगाई जा रही है, जो उनकी अब तक की कठिनाइयों को भूल कर एक नई उम्मीद के साथ अपने जीवन की ओर कदम बढ़ा सकेंगी।

माता-पिता की जिम्मेदारी निभाई

वैष्णवी महानंद, जिनके माता-पिता का बचपन में ही निधन हो गया था, अब उनका कन्यादान छत्तीसगढ़ पुलिस परिवार द्वारा किया जाएगा। श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी ने वैष्णवी की जिम्मेदारियों को अपने कंधों पर लिया और उसे एक नया जीवन देने की पहल की। जब उसका घर टूट चुका था, तब इस संस्था ने न सिर्फ उसे एक नया घर दिया, बल्कि उसकी शिक्षा और भविष्य को संवारने की दिशा भी दिखाई।

मेहमानों को मिलेंगे उपहार

विवाह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस आयोजन में गीत-संगीत के साथ-साथ उपहार भी दिए जाएंगे। आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता का कहना है कि पैसों के अभाव में वे अपनी बेटी की शादी धूमधाम से नहीं कर सकते थे, लेकिन अब पुलिस परिवार की मदद से न सिर्फ बेटी का आदर्श विवाह हो रहा है, बल्कि उसे एक अच्छा जीवनसाथी भी मिला है। यह विवाह वास्तव में भव्य और समाज के लिए एक मिसाल बनेगा।

350 जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा

श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी पुलिस परिवार द्वारा संचालित है। संस्था की सहायता से लगभग 350 जरूरतमंद बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों द्वारा समाजसेवा के रूप में अपनी ड्यूटी के बाद समय निकालकर समाज के अन्य कार्यों में भी योगदान दिया जाता है। यह संस्था समाज के विभिन्न वर्गों से समर्थन प्राप्त करती है और बिना किसी पब्लिसिटी के जनकल्याण के कार्यों में अग्रसर है। पुलिस परिवार की इस पहल से समाज में एक सकारात्मक संदेश जा रहा है, जिसमें मानवता और सहयोग की भावना को प्रमुखता दी जा रही है।

धर्म लाइव

जरूरतमंद बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री संस्कार की दिशा में आगे बढ़ने किया प्रेरित

रायपुर। अक्षर फाउंडेशन और विहंगम योग संस्थान ने समाज के जरूरतमंद बच्चों के बीच मंगलवार को पुरैना बस्ती महावीर नगर की आंगनबाड़ी में पाठ्य सामग्री और अन्य उपहार वितरित किए। इस अवसर पर अक्षर फाउंडेशन की स्वयंसेविकाओं और विहंगम योग संस्थान की महिला कार्यकर्ताओं ने बच्चों को शिक्षा और संस्कार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अक्षर फाउंडेशन की सदस्यों ने बताया कि मातृशक्ति के द्वारा न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज के बच्चों के लिए सही दिशा, समुचित शिक्षा और संस्कार देना भी महत्वपूर्ण है। इस पहल के तहत लगभग 80 बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई, जिससे उनके भविष्य में बेहतर अवसर मिलने की संभावना है।

आश्रमों में निशुल्क आवासीय विद्यालय

अक्षर फाउंडेशन द्वारा यह कार्यक्रम हर साल देशभर में आयोजित किया जाता है, जिसमें हजारों बच्चों को मुफ्त शिक्षा सामग्री दी जाती है। विहंगम योग संस्थान, जो पिछले 100 वर्षों से मानवमात्र के कल्याण के कार्यों में लगा है, इस आयोजन का हिस्सा है। संस्थान के विभिन्न आश्रमों में निशुल्क आवासीय विद्यालय संचालित किए जाते हैं, जहां बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस आयोजन में प्रिया बजाज, शांति तिवारी, लक्ष्मी बजाज, सरस्वती फरिकार, सोनी, एकता, ममता, रुक्मिणी, संजू, प्रियंका, जितेंद्र बजाज, रामकुमार साहू, विकास, वंदना, तनिश और अन्य मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा।

सिटी लाइव

तकनीकी और सोशल मीडिया के क्षेत्र में भी बनाएं कैरियर

रायपुर। रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पद्मश्री, विधायक अनुज शर्मा शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि अनिल सोनी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में एकमात्र उद्देश्य और लक्ष्य रखना चाहिए, जैसे अर्जुन ने चिड़िया की आंख को निशाना बनाया था। इसके साथ ही युवाओं से स्वामी विवेकानंद के मार्ग का अनुसरण करने की अपील की, ताकि वे एक अच्छे व्यक्ति और भारतीय बन सकें। विधायक अनुज शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि यह महाविद्यालय हमारी जिम्मेदारी है और इसकी स्वच्छता तथा विकास में हमें भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी और सोशल मीडिया के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया और खेल, कला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परीक्षा परिणाम, एनएसएस और यूथ रेडक्रॉस जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्तिपत्र प्रदान किए।

एनआईटी के 200 छात्रों ने किया रक्तदान

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान केंद्र स्टूडेंट वेलबीइंग क्लब ने एम्स रायपुर के सहयोग से रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि डॉ. एनवी रमना राव ने कहा कि यह न केवल जीवन बचाने में सहायक है, बल्कि क्रॉनिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए संजीवनी के रूप में कार्य करता है। इसके साथ ही उन्होंने अस्पतालों में आपातकालीन परिस्थितियों के लिए पर्याप्त रक्त भंडारण की आवश्यकता पर भी बल दिया। स्वास्थ्य शिविर में नेत्र परीक्षण, दंत चिकित्सा और होम्योपैथी परामर्श की सुविधाएं एम्स व अन्य संस्थाओं के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा प्रदान की गई। इस आयोजन में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे रक्तदान अभियान को एक नई गति मिली। इस कार्यक्रम ने सामुदायिक भागीदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व और बंधुत्व की भावना को मजबूत किया। कार्यक्रम में लगभग 800 लोगों ने भाग लिया, जिसमें 300 से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई और 200 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया।

बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थियों ने की पूजा

रायपुर। सनातन धर्म में हर शुभ कार्य करने से पहले देव आराधना और पूजा-अर्चना करने के बाद काम शुरू करने की परंपरा रही है। इससे दूर होते समाज को वापस इससे जोड़ने का प्रयास बच्चों से शुरू किया गया। इस कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में सोमवार को बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले छात्र-छात्राओं के लिए शक्तिपीठ में विशेष पूजा- अर्चना का विधान किया गया। इस कार्यक्रम में आए बोर्ड की विद्यार्थियों के लिए गायत्री परिवार के परीव्रजको द्वारा सफलता के लिए विशेष पूजा की गई। आरके शुक्ला ने बताया कि इसमें विशेष रूप से गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक आदर्श वर्मा बहन, ट्रस्टी और सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल, दीनानाथ शर्मा मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि से पहले शिवालयों में विधि-विधान से निभाई गई हल्दी-तेल की रस्में

छत्तीसगढ़ी रीति रिवाज से आज होगा महादेव-पार्वती विवाह

झांकी में शिव बनेंगे दूल्हा, भक्त बाराती, बैंड-बाजे की धुन पर थिरकेंगे नर्तक

महाशिवरात्रि के अवसर पर आज भोलेनाथ और माता पार्वत्री की मंदिरों में धूमधाम की शादी होगी। मंदिरों में मंडप सजकर तैयार हैं। दर्जनभर से अधिक मंदिरों में इस मौके पर शिवजी की बारात निकाली जाएगी। टोलाघाट स्थित महादेव मंदिर, सरोना व श्रीहर नीलकंठेश्वर मंदिर टिकरापारा, महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर में दिनभर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं अभिषेक भी किया जाएगा। वहीं शाम 6 बजे बैंडबाजे की धुन पर नर्तक दल थिरकते हुए आकर्षण का केंद्र होंगे। इस बार सजाई जाने वाली झांकी में शिवजी दूल्हा और भक्त बाराती होंगे। शहर के प्रमुख शिवालयों समेत कॉलोनियों में भी उत्सव मनाने की तैयारी है।'

रायपुर। महादेव की आस्था से जुड़े भक्तों ने महोत्सव को मंगलवार को अंतिम रूप दिया। महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर में छत्तीसगढ़ी रस्मों के साथ भोलेनाथ का विवाह हो रहा है। यहां पहले दिन चूलमाटी, मंडपाच्छादन की रस्में निभाई गईं, दूसरे दिन तेल मायन, नहडोरी की परंपरा पूरी की गई और तीसरे दिन यानी 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे मंदिर में भोलेबाबा की बारात निकलेगी, जो सत्यम विहार कॉलोनी जाएगी। इस दौरान बारात में परंपरानुसार भूत-प्रेत के रूप में शिवभक्त शामिल होंगे। महाआरती के बाद शाम 5 से 6 बजे विदाई होगी। ढोल-नगाड़े के साथ माता पार्वती मंदिर आएंगी। उसके बाद रात 8 बजे भव्य श्रृंगार के साथ महाआरती होगी।

महादेव को लगी हल्दी

मंगलवार को भक्त महादेव की हल्दी रस्म में शामिल हुए। शिवलिंग व प्रतिमा पर हल्दी लगाई तो वहीं संगीत कार्यक्रम में जमकर डांस भी किया। मंदिर के पुजारी सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि छत्तीसगढ़ी रस्मों के साथ भोलेनाथ का विवाह किया जा रहा है। बारात के बाद वैदिक मंत्रोच्चार, सात भांवर यानी फेरा, सात वचनों के साथ से शादी के बंधन में बांधकर भोलेनाथ पुनः अपने स्थान लौट आएंगे। बारात के दौरान बारातियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन की व्यवस्था भी रखी जाती है। बारात वापस मंदिर आने पर महाआरती का आयोजन होगा। भगवान शिवजी आदिदेव हैं, उनके प्रति सभी समर्पित रहते हैं। उनके विवाह में किसी को आमंत्रण की आवश्यकता नहीं होती।

बुढ़ादेव महादेव मंदिर में भंडारा

विवेकानंद सरोवर के मध्य स्थित आदिशक्ति बुढ़ादेव महादेव मंदिर महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आदिशक्ति बुढ़ादेव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की आस्था को और भी मजबूत किया गया।

भोलेनाथ की निकली भव्य पालकी

श्री नीलकंठ सेवा संस्था द्वारा महाशिवरात्रि के पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी की गई। मंगलवार को महादेव की बारात भक्तिमय माहौल में निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ और माता पार्वती के साथ भगवान गणेशजी के रूप में सजकर शिरकत की। पालकी में सजे भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्तों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। श्री नीलकंठ सेवा संस्था के सदस्य ने बताया कि दोपहर 12 बजे रुद्रमहाभिषेक का आयोजन हुआ, जिसके बाद महादेव की भव्य श्रृंगार पूजा की गई। इस विशेष आयोजन के अंतर्गत रात 8 बजे मंदिर में आरती का आयोजन भी किया गया।

घी, शक्कर, पंचामृत से अभिषेक

महाशिवरात्रि पर श्री सुरेश्वर महादेवपीठ में सुबह गंगाजल पूजन, गौ दूध, शहद, घी, शक्कर, पंचामृत, गन्ना रस, सरसों तेल, छाछ, भांग, फलों के रस और सर्वोषधि से अभिषेक किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद वीआईपी रोड से होते हुए त्रिशूल यात्रा मंदिर आएगी। इस दौरान मंदिर में त्रिशूल स्थापित किया जाएगा। शाम 4 बजे से श्रृंगार दर्शन व साढ़े 6 बजे महाआरती प्रसाद वितरण होगा।

पवित्र स्नान का मिलेगा लाभ

बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्त महाकुंभ स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे। समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन प्रातः से रात तक पूजा-अर्चना और भक्ति-संगीत कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे और भगवान शिव की उपासना करेंगे। गर्भगृह को वैवाहिक वेदी का स्वरूप दिया जा रहा है, जहां पर भगवान शिव-पार्वती फेरे लेते नजर आएंगे।

चौबे कॉलोनी में सुंदरकाण्ड पाठ

महाशिवरात्रि पर्व पर श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कालोनी में बुधवार को विशेष सुंदरकाण्ड पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मशहूर भजन सम्राट विनय अग्रवाल एण्ड पार्टी भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे। आयोजक रीना हेमंत जैन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि पर मंदिर में सुबह रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना के साथ-साथ पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। संध्या 5 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा और तत्पश्चात भक्तों के लिए फलाहार एवं भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

सिद्धेश्वर शिव मंदिर में दुग्धाभिषेक आज

नूतन नवयुवक संघ मोहल्ला विकास समिति सांईनगर द्वारा शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रमांक 58 में स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर में 26 फरवरी को सुबह दुग्ध अभिषेक और पंचामृत अभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही श्रृंगार के बाद मंगल आरती की जाएगी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष शिव दत्ता ने देते हुए बताया कि बुधवार को भंडारे में प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन 27 फरवरी को महाकाल भक्तों द्वारा सिद्धेश्वर महादेव महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल होंगे।

हनुमानजी की प्रतिमा और शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा

साईं दर्शन आवासीय समिति जोरा के तत्वावधान में श्री शिव संकटमोचन मंदिर में भगवान हनुमानजी की प्रतिमा एवं शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। साईं दर्शन आवासीय समिति जोरा के अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि 26 फरवरी महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवलिंग की स्थापना की जाएगी और संकटमोचन हनुमानजी की प्रतिमा को उनके यथोचित स्थान पर स्थापित किया जाएगा।

राजिम कल्प कुंभ में भंडारा

बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के सदस्यों ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी प्रदोष व्रत के अवसर पर राजिम कल्प कुंभ में स्व. महंत हरिदास त्यागी की स्मृति में वर्तमान महंत राजेश शर्मा द्वारा राजिम कल्प कुंभ में मंगलवार को भंडारे का आयोजन रखा गया। इसमें राजनांदगांव के महंत नरेंद्र दास, कोटमीसोनार के महंत सर्वेश्वर दास, बिरंची नारायण मंदिर के महंत देवदास एवं चित्रकूट अयोध्या वृंदावन के संत ने प्रसाद ग्रहण किया और स्व. महंत हरिदास त्यागी के नाम का जयकारा कर भंडारे आयोजन किया गया। इसमें मंदिर के सदस्य नारायण राव शिर्के, अनिल अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, सनत कल्लू तिवारी, प्रशांत पाण्डेय का सहयोग रहा।

54 जोड़े करेंगे सामूहिक लघु रुद्राभिषेक

चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल चौबे कॉलोनी के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में महाशिवरात्रि पर बुधवार को सुबह 10 बजे सामूहिक लघु रुद्राभिषेक किया जाएगा। इस मौके पर 54 जोड़े एक साथ लघु रुद्राभिषेक करेंगे। महाकुंभ में त्रिवेणी संगम से लाए गए गंगाजल से लघु रुद्राभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं पर फुहार कार्यक्रम विशेष आकर्षण होगा। महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासदों ने ही महाकुंभ के दौरान प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर विभिन्न पात्रों में गंगाजल भरकर यहां लाया है।

राधाकृष्ण मंदिर में महाभंडारा आज

महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी के मंदिरों में उत्साह का माहौल है। रंगरोगन के साथ विद्युत रोशनी से शिवालयों की साज-सज्जा की गई। विगत 5 वर्षों से लगातार राधाकृष्ण मंदिर शक्ति नगर में पूजन-अनुष्ठान के साथ भक्तों के लिए महाभंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 फरवरी को राधाकृष्ण मंदिर में भव्य आयोजन होगा।

देवेंद्र नगर तालाब में विशेष पूजा आज

महाशिवरात्रि के अवसर पर देवेंद्र नगर सेक्टर-3 तालाब पर 26 फरवरी को सुबह 7 बजे से शाम तक विशेष पूजा की जाएगी। साथ ही 7 बजे भोलेनाथ की महाआरती की जाएगी। इस आरती में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

सिटी स्पोर्ट्स

सिंधी प्रीमियर लीग की धमाकेदार शुरुआत

रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से सिंधी प्रीमियर लीग का आयोजन 24 फरवरी से शुरू हुआ जो 9 मार्च तक चलेगा। शुरुआत में शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल ने दोनों टीम का टॉस कराया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ एवम अविनाश माखीजा ने बताया कि रोज 4 मैच खेले जा रहे हैं। दस टीम की एंट्री आई है जिसमें 140 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। रोज शाम 5 बजे से सुभाष स्टेडियम ग्राउंड रायपुर में मैच हो रहे हैं। इस दौरान संत युधिष्ठिर लाल ने कहा युवा का सबसे प्रिय खेल क्रिकेट है अगर सिंधी समाज का युवा इसपर रुचि ले तो नेशनल भी खेल सकता है बस उसको जुनून होना चाहिए। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा मोबाइल की दुनिया से दूर मैच का सभी आनंद ले रहे है और यूट्यूब में लाइव भी देखा जा सकता है। इस दौरान पार्षद अमर गिदवानी एवम सचिन मेघानी का भी सम्मान किया गया। वहीं भव्य आतिशबाजी की गई। इस आज के आयोजन में संत युधिष्ठिर लाल, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, संजय रहेजा, विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा मुखी, अशोक नैनानी, अशोक माखीजा, धनेश मटलानी, मनीष थारानी, महेश आहूजा, अविनाश माखीजा, आकाश गजवानी, बंटी चावला, पंकज बजाज, राहुल होतवानी, सुमीत नानवानी, अभय आठवानी और सुमीत आठवानी सहित अन्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

अग्रवाल प्रीमियर लीग में स्पार्टंस ने अग्रवंशी को हराया

रायपुर। अग्रवाल युवा मंडल द्वारा आयोजित अग्रवाल प्रीमियर लीग 3.0 बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का बीती रात 9 बजे फाइनल मैच समाप्ति के बाद समापन समारोह मनाया गया। जिसमें अग्रवाल समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आयुष मुरारका ने बताया कि फ़ाइनल मैच के बेहद रोमांचक मुक़ाबले में कचना मोहल्ले की टीम स्पार्टंस ने समता मोहल्ले की अग्रवंशी समता को 38 रन से करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की।

अग्रवाल सभा के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि रायपुर नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने विजेता ट्रॉफ़ी और पुरस्कार राशि कैप्टन नवल अग्रवाल को प्रदान की। अग्रवाल समाज के तीनों पार्षद कृतिका जैन , आनंद अग्रवाल और अम्बर अग्रवाल ने रनरअप ट्रॉफी और पुरस्कार कैप्टेन रोहित अग्रवाल को दी।

मुख्य अतिथि मीनल चौबे ने कहा कि समाज में ऐसे आयोजन युवावों को एकजुट करने के लिए होते रहने चाहिए। विजेता टीम को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जिसका संकल्प दृढ़ होता है जीत उन्हीं को मिलती है । महापौर ने बैटिंग में भी हाथ जमाया और पार्षद कृतिका जैन के बॉल पर चौका भी लगाया। फाइनल के मैन ऑफ़ द मैच नवल अग्रवाल , बेस्ट बैट्समैन और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट हर्ष मित्तल , बेस्ट बॉलर सुयश गुप्ता और बेस्ट फ़ील्डर अभिनव अग्रवाल रहे। युवा मंडल अध्यक्ष राम अग्रवाल ने शानदार आयोजन में सहयोग के लिए सभी साथियों और सहयोगी रवि अग्रवाल और रवि मित्तल का धन्यवाद दिया और साथ ही कहा कि यह आयोजन प्रति वर्ष होता रहेगा। सभा की ओर से महामंत्री मनमोहन अग्रवाल,प्रभारी सुभाष अग्रवाल,संगठन मंत्री योगी अग्रवाल और आयुष अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन में जारी है रोमांचक मुकाबले

रायपुर। छतीसगढ़ बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में अस्मिता बालिका एवं महिला एकल राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में मंगलवार की शाम शुरू हुआ। 28 फरवरी तक जारी यह स्पर्धा 17, 19 वर्ष बालिका व सीनियर महिला वर्ग एकल के प्रारूप में है। 19 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल के चारों ग्रुप के लीग मैचों के परिणाम में ग्रुप ए में आयुषी मजूमदार (कोरबा) ने निकिता चावला (रायपुर) को 21-18,21-17 से , तिष्य मुक्ता (रायपुर) ने आरुषि अलावा (रायपुर) को 21-14,21-18 से हराया।

ग्रुप बी में दीया आहुजा (बिलासपुर) ने मान्या गुप्ता (रायपुर) को 14 -21,21-14,21-19 से, श्वेता परदेसी (रायपुर) स्निग्धा सिंह (दुर्ग) को 21-6,21-6 से, मान्या गुप्ता (रायपुर) ने स्निग्धा सिंह (दुर्ग) को 21-9,21-9 से, श्वेता परदेसी (रायपुर) ने अपला दीक्षित (रायपुर) को 21-10, 21-11 से हराया।

चिकित्सक से मिलकर जरूर परामर्श लें

अक्सर थकान-कमजोरी से परेशान रहने वालों को सावधानी बरतने की जरूरत, हो सकता है किसी गंभीर बीमारी का संकेत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई बार आपके बहुत ज्यादा थके हुए महसूस होते रहना का एक कारण कुछ प्रकार की बीमारियां भी हो सकती हैं। यही वजह है कि अगर आपको लंबे समय थकान महसूस होती रहती है तो एक बार डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच जरूर करा लें। थकान और कमजोरी होना काफी आम है, ये दिक्कतें किसी को भी हो सकती हैं। बहुत ज्यादा शारीरिक या फिर मानसिक रूप से मेहनत के कारण आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं। पर क्या अक्सर आराम करते रहने के बावजूद भी आप सुस्त रहते हैं, कुछ काम करने का दिल नहीं करता? अगर हां तो सावधान हो जाइए ये किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, थकान और कमजोरी होने के कई कारण होते हैं, जिनमें पोषण की कमी, मानसिक तनाव, लाइफस्टाइल और कुछ बीमारियां भी शामिल हैं। इसके अलावा पर्याप्त नींद न लेना भी एक कारण है जिससे आप थके हुए महसूस हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई बार आपके बहुत ज्यादा थके हुए महसूस होते रहना का एक कारण कुछ प्रकार की बीमारियां भी हो सकती हैं। यही वजह है कि अगर आपको लंबे समय थकान महसूस होती रहती है तो एक बार डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच जरूर करा लें।

क्यों होती है बहुत ज्यादा थकान?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों में पोषक तत्वों की कमी होती है, उन्हें अधिक थकान महसूस होता रह सकता है। विशेषतौर पर शरीर में आयरन की कमी होने से हीमोग्लोबिन का स्तर घट जाता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पाती और आप अधिक थकान महसूस करते रहते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनियाभर में 30% लोग आयरन की कमी से ग्रस्त हैं जो संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। इसके अलावा विटामिन-डी और बी12 की कमी के कारण भी आपको थकान हो सकती है। आइए जानते हैं कि कौन सी बीमारियां आपको बहुत थका हुआ महसूस कर सकती हैं?

कहीं आप डिप्रेशन का शिकार तो नहीं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अनुसार, लंबे समय तक तनाव बने रहने की स्थिति शरीर की ऊर्जा को नष्ट करने लगती है। क्रोनिक स्ट्रेस और डिप्रेशन से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे थकान महसूस होती है। इसका एक कारण ये भी है कि ज्यादा चिंता होने की स्थिति आपके नींद को प्रभावित करने लगती है और नींद पूरी न होने से थकान और भी अधिक होती है।

आपको एनीमिया या थायरॉइड तो नहीं?

बिना अधिक शारीरिक मेहनत के भी थकान की समस्या बने रहना कई बार एनीमिया और किसी अन्य बीमारी का भी कारण हो सकता है। एनीमिया के कारण जब शरीर में पर्याप्त लाल रक्त कोशिकाएं नहीं बनतीं, तो ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने लगती है जिस वजह से आप कमजोरी महसूस कर सकते हैं। इसके अलावा थायरॉइड विकार के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है। थायरॉइड हार्मोन के

उत्पादन में कमी या अधिकता के कारण भी आपको सुस्ती और थकान हो सकती है। एनीमिया या थायरॉइड दोनों का समय पर इलाज जरूरी हो जाता है।

इन समस्याओं के कारण भी होती है थकान

अक्सर थकान और कमजोरी होते रहने के इन कारणों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। ल्यूपस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और रूमेटॉइड आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में इम्यून सिस्टम स्वस्थ कोशिकाओं पर अटैक कर देता है।

इम्यूनिटी बढ़ाना गलत नहीं लेकिन बचिए इन आदतों से

आज के व्यस्त जीवन में हर कोई स्वस्थ और रोगमुक्त रहने की चाहत रखता है। इसके लिए इम्यूनिटी को मजबूत रखना बेहद जरूरी है। हम अक्सर अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए कई तरह के घरेलू उपाय, सप्लीमेंट्स और डाइट प्लान अपनाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ चीजें और आदतें, जिन्हें हम सेहतमंद मानते हैं, वास्तव में हमारी इम्यूनिटी को कमजोर कर सकती हैं? आइए जानते हैं उन सामान्य आदतों और खाद्य पदार्थों के बारे में, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर बना सकते हैं, और यह भी समझें कि उनसे कैसे बचा जा सकता है।

अधिक मात्रा में जिंक का सेवन फायदेमंद या नुकसानदायक?

कोविड-19 महामारी के बाद जिंक सप्लीमेंट्स का उपयोग अचानक बढ़ गया। इसे इम्यूनिटी बूस्टर माना गया, और लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने लगे। लेकिन न्यूट्रिशनिस्ट रिद्धि खन्ना के अनुसार, जिंक की अधिक मात्रा हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है। जिंक के अत्यधिक सेवन से शरीर में आयरन और कॉपर जैसे महत्वपूर्ण मिनरल्स का अबशॉर्पशन (अवशोषण) प्रभावित होता है। खासकर कॉपर, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, की कमी हो सकती है। इसीलिए, बिना डॉक्टर या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह के जिंक सप्लीमेंट्स लेने से बचें। अगर जरूरी हो, तो इसकी मात्रा सीमित रखें।

हेल्दी फैट्स की अनदेखी

फैट्स का नाम सुनते ही हम अक्सर इसे अपने डाइट से निकालने की सोचने लगते हैं, खासकर जंक फूड और अधिक तैलीय खाने के इस दौर में। लेकिन सभी फैट्स खराब नहीं होते। वास्तव में, कुछ हेल्दी फैट्स हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं। सैचुरेटेड फैट्स (जैतून का तेल, एवोकाडो और कुछ मेवे) और पॉलीसैचुरेटेड फैट्स (मछली, चिया बीज, अखरोट) में पाए जाने वाले ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं।

कॅरियर बदलना हो तो इन टिप्स पर जरूर ध्यान दें

स्मार्ट तरीके को अपनाकर स्विच करें कॅरियर जीवन में नहीं होगी पैसों की कोई परेशानी

अमूमन जब हम अपना करियर स्विच करते हैं तो उस दौरान अक्सर हमें पैसों की परेशानी होती है। हालांकि, अगर आप स्मार्ट तरीका अपनाते हैं तो ऐसे में आपको पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कई लोगों के साथ ऐसा होता है कि वे अपने करियर को लेकर संतुष्ट नहीं होते हैं। कभी वे अपने काम के साथ खुश नहीं होते हैं तो कभी करियर ग्रोथ व उस फील्ड में भविष्य उन्हें निराश करता है। ऐसे में वे अपना करियर बदलने पर विचार करते हैं। करियर बदलना यकीनन एक बड़ा फैसला है। हालांकि, जब भी हम करियर बदलने के बारे में सोचते हैं तो सबसे पहले हमें पैसों की चिंता सताने लगती है। हमें ऐसा लगता है कि करियर बदलने और सफल होने के बीच फाइनेंशियल स्टेबिलिटी पर गहरा असर पड़ेगा। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि जब आप किसी नई फील्ड में खुद को स्थापित करने की जद्दोजहद में लगे रहते हैं, उस समय आपको मनचाही सैलरी नहीं मिलती। ऐसे में करियर स्विच के दौरान अक्सर हमें पैसों की परेशानी का सामना करना ही पड़ता है।

करें फाइनेंशियल प्लानिंग

जब आप करियर स्विच करने का प्लान कर रहे हैं, तो ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि सबसे पहले फाइनेंशियल प्लानिंग जरूर करें। इसके लिए आप सबसे पहले एक इमरजेंसी फंड बनाएं। यह सुनिश्चित करें कि कम से कम 6 महीने के रहने के खर्च के बराबर आपके पास बचत हो। इसके अलावा, आप अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। जिससे आप अपनी बचत के आधार पर ही अपना खर्च आसानी से चला सकें।

ना छोड़ें नौकरी

जब आप नए करियर में स्विच कर रहे हैं तो एकदम से नौकरी छोड़ने की गलती ना करें। अगर आप एक प्लानिंग के साथ आगे बढ़ते हैं तो इससे आपके लिए चीजें अधिक आसान होंगी। मसलन, आप पहले अपने करियर की जरूरतों को समझते हुए ऑनलाइन कोर्स करें। साथ ही साथ, वर्कशॉप्स व नेटवर्किंग इवेंट्स का हिस्सा बनें। लेकिन इस दौरान अपनी नौकरी करते रहें। इससे आप धीरे-धीरे नई फील्ड में अपनी पैठ आसानी से बना पाएंगे और आपको पैसों से जुड़ी परेशानी भी नहीं होगी।

पार्ट टाइम जॉब का चुनें रास्ता

अगर आपको ऐसा लगता है कि आपका करियर काफी डिमांडिंग हैं और ऐसे में आपको नई फील्ड में खुद को स्थापित करने के लिए जॉब छोड़नी ही पड़ेगी तो ऐसे में आप कमाई के नए रास्ते ढूंढने का प्रयास करें। मसलन, आप पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं या फिर अपने अनुभव के आधार पर फ्रीलांसिंग वर्क भी कर सकते हैं। इस तरह आपको पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा और साथ ही साथ आप अपना करियर भी आसानी से स्विच कर पाएंगे।

जले हुए पैन को चमका देगी प्याज की यह ट्रिक

जला बर्तन साफ करने में खूब मेहनत लगती है। लेकिन, क्या आप जानती हैं प्याज की एक ट्रिक से जला पैन साफ किया जा सकता है? अगर नहीं, तो आइए यहां डिटेल से इस बारे में जानते हैं। चाइनीज या तली-भुनी चीजें बनाते समय पैन या बर्तन का जलना आम समस्या है। जलने की वजह से पैन या बर्तन की सतह पर कालापन आ जाता है। इससे पैन या बर्तन की केवल खूबसूरती ही नहीं खराब होती है, बल्कि अगली बार खाना पकाने पर स्वाद भी बिगड़ सकता है। ऐसे में जले पैन या बर्तन की सफाई करना जरूरी हो जाता है। जले पैन या बर्तन की सफाई करना एक मुश्किल काम हो सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कई बार घिसने पर भी जले पैन या बर्तन की सफाई नहीं हो पाती है। ऐसे में प्याज आपकी मदद कर सकता है। जी हां, प्याज में ऐसे एसिडिक और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बर्तन के कालेपन और जले निशानों को हटाने में मदद कर सकते हैं। आइए, यहां जानते हैं कि प्याज से किस तरह जला बर्तन या पैन साफ किया जा सकता है।

प्याज की इस ट्रिक से क्लीन कर सकती हैं जला पैन

जले बर्तन की सफाई और प्याज में क्या कनेक्शन है, यह सोचकर अगर आप कंफ्यूज होने की जरूरत नहीं है। अगर आप अपना जला पैन साफ करना चाहती हैं, तो सबसे पहले एक प्याज लें और उसके छिलके निकाल लें। प्याज छिलने के बाद उसे बारीक या मोटा अपनी पसंद से काट लें। अब जला पैन या बर्तन में पानी डाल दें और गैस पर गर्म होने के लिए छोड़ दें। गर्म पानी में प्याज के कटे टुकड़े और कुछ छिलकों को डाल दें। प्याज डालने के बाद आप चाहें तो एक से दो चम्मच व्हाइट विनेगर भी पानी में डाल सकती हैं। अब प्याज और सिरके के इस घोल को 5 से 7 मिनट के लिए उबलने दें। जब आपको लगे कि पानी उबलकर आधा या उससे कम हो गया है, तो छिलके और प्याज को बाहर निकाल लें। आखिरी में पैन या बर्तन की साबुन और पानी से नॉर्मल सफाई करें।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'मियामी ब्लूज' जैसी फिल्म देने वाले निर्देशक जॉर्ज ने 83 साल की उम्र में कहा अलविदा

सुपरहिट मूवी 'मियामी ब्लूज' से लोकप्रियता हासिल करने वाले निर्देशक जॉर्ज आर्मिटेज ने 83 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके बेटे ब्रेंट ने इस दुखद खबर की पुष्टि की। वह 'ग्रॉस पॉइंट ब्लैंक' और 'मियामी ब्लूज' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते थे।

जॉर्ज आर्मिटेज ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 20वीं सेंचुरी फॉक्स के मेलरूम से की थी। वह 1960 के दशक में टीवी शो 'पेटन प्लेस' के सह-निर्माता के रूप में भी काम कर चुके थे। हालांकि, उनकी असली पहचान फिल्म निर्देशन में ही बन पाई। उनकी मुलाकात मशहूर फिल्म निर्माता रोजर कोरमैन से हुई, जिसके बाद उन्होंने फीचर फिल्मों की दिशा में कदम बढ़ाया।

साल 1990 उनके करियर के लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा। उस साल उन्होंने चार्ल्स विलेफोर्ड के उपन्यास पर आधारित फिल्म 'मियामी ब्लूज' का निर्देशन किया। इस फिल्म में एलेक बाल्डविन और फ्रेड वार्ड जैसे प्रमुख अभिनेता थे। फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की ओर से समान रूप से सराही गई।

आर्मिटेज का टेलीविजन क्षेत्र में भी प्रभाव था। 1996 में उन्हें 'द लेट शिफ्ट' नाम की टीवी मूवी के लिए एमी अवॉर्ड में नामांकित किया गया। उनकी आखिरी फिल्म 2004 में 'द बिग बाउंस' थी, जिसमें ओवेन विल्सन और मॉर्गन फ्रीमैन जैसे बड़े सितारों ने अभिनय किया था।

टॉलीवुड

'आरसी 16' के शीर्षक से जल्द उठेगा पर्दा, टीजर भी आएगा सामने

राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। हालांकि, अब राम चरण ने अपनी अगली फिल्म पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। वह बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म के निर्माण में जुटे हुए हैं। फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में चल रही है और टीम जल्द ही तीन सप्ताह के शेड्यूल के लिए दिल्ली जाने वाली है। फिल्म के शीर्षक का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ऐसा लगता है कि निर्माता अब फिल्म के नाम से पर्दा उठाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के बहुप्रतीक्षित शीर्षक की आधिकारिक घोषणा 27 मार्च, 2025 को की जाएगी। इस दिन राम चरण का जन्मदिन भी है। ऐसे में अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर ही फैंस को खास तोहफा मिलेगा। खबर है कि शीर्षक के खुलासे के अलावा बुची बाबू सना एक छोटा सा टीजर भी जारी करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से आधिकारिक एलान का इंतजार है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम 'आरसी 16' रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से निर्मित स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में लिया गया है, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण पुष्पा के बैनर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जा रहा है।

रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि बुची बाबू सना ने फिल्म का टाइटल 'पेड्डी' चुना है, लेकिन अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच राम चरण सार्वजनिक तौर पर कम ही नजर आ रहे हैं, ताकि फिल्म से अभिनेता के लुक का खुलासा न हो। वहीं, अब राम चरण के जन्मदिन के मौके पर ही फिल्म से जुड़ा दिलचस्प अपडेट सामने आने का इंतजार है।

भोजपुरी

22 साल में कोई नहीं तोड़ सका रिकॉर्ड बजट से 9900% ज्यादा की कमाई

भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे सफल फिल्म के बारे में हम आपको आज बताने जा रहे हैं कि कौन-सी ऐसी फिल्म है, जिसने सबसे ज्यादा कमाई की है और आज तक उसका रिकॉर्ड कोई तोड़ नहीं सका है। ये फिल्म कम पैसों में बनकर तैयार हुई थी और कमाई जानकर आपके भी तोड़े उड़ जाएंगे। इस फिल्म का नाम 'ससुरा बड़ा पैसावला' है। इसमें मनोज तिवारी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म ने मुट्ठीभर बजट में कई झोले भरके कमाई की थी। 2003 में रिलीज हुई ये फिल्म 2 घंटे 44 मिनट की है। रीना चटर्जी ने इससे डेब्यू किया था और मनोज संग उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। अजय सिन्हा की डायरेक्टेड इस फिल्म को सुधार पांडे ने प्रोड्यूस किया था। इसे आप यूट्यूब पर देख सकते हैं। 164 मिनट की इस फिल्म के सभी गाने भी सुपरहिट रहे थे। श्रेया घोषाल, प्रदीप पंडित, कल्पना पटवारी, उदित नारायण, दीपा नारायण झा से लेकर विनय बिहारी ने अपनी आवाज से लोगों को दीवाना बना दिया था। 'ससुरा बड़ा पैसेवाला' भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। 30-35 लाख के बजट में बनी इस मूवी ने दुनियाभर में करीब 35 करोड़ का कलेक्शन किया था। बताया जाता है कि इस फिल्म को देखने वालों की संख्या रोजाना बढ़ ही रही थी। जिस कारण ये थिएटर्स में करीब 5-6 महीने लगी थी। इसके सभी शो हाउसफुल रहते थे। फिल्म की अपार सफलता के बाद जब मेकर्स ने इस फिल्म का सीक्वल यानी 'ससुरा बड़ा पैसावला 2' लेकर आए। 21 फरवरी, 2020 को इसे थिएटर्स में रिलीज किया तो वह उस तरह से कमाई नहीं कर पाई।

लाइफ स्टाइल

जेन जेड की पसंद

हाल के तीन दशक में जन्म लेने वाली पीढ़ी यानि जेन जेड की पसंद जगजाहिर है। ओवर साइज्ड कपड़े और रंगों की छटा बिखेरते डिजाइन इस पीढ़ी के फैशन की खासियत है। जेन जेड ऐसे ब्रांड पसंद करते है जो इन मूल्यों के अनुरूप हों। इसी के मुताबिक फैशन उद्योग बाजार में नए डिजाइन लांच कर रहा है।

महाशिवरात्रि की पूजा में ऐसे कपड़े पहनकर दिखाएं सादगी भरा अंदाज

यदि आप महाशिवरात्रि की पूजा में अपना सादगी भरा अंदाज दिखाना चाहती हैं तो हमारे बताए गए आउटफिट्स पहनें, ताकि आपका अंदाज प्यारा दिखे। महाशिवरात्रि का त्योहार आज (26 फरवरी बुधवार) मनाया जा रहा है। ऐसे में लोगों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। लोग इस दिन महादेव की पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिर जाते हैं। बहुत से लोग अपने घरों में भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कराते हैं। इस पूजा के दौरान सही कपड़े पहनना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कि महाशिवरात्रि के दिन कैसे कपड़े पहनने चाहिए। दरअसल, रुद्राभिषेक की पूजा काफी लंबी चलती है, वहीं मंदिरों में भी लंबी-लंबी लाइनें लगती हैं। ऐसे में यदि आप सही कपड़े नहीं पहनेंगी तो उलझन में पड़ सकती हैं, क्योंकि गर्मी का मौसम भी शुरू हो गया है। इसी के चलते आपको सही कपड़े पहनना जरूरी है।

पीली साड़ी

पीला रंग पूजा के समय पहनने के लिए काफी अहम माना जाता है। इसलिए आप चाहें तो महाशिवरात्रि की पूजा में ऐसी ही पीले रंग की साड़ी पहनें। इसके साथ बालों में जूड़ा बनाएं और

मेकअप को हल्का ही रखें। मेकअप डार्क रखेंगी तो आपको परेशानी हो सकती है। पीली साड़ी पहनते समय ध्यान रखें, कि ये ज्यादा हैवी नहीं होनी चाहिए।

हरा सूट

हरा रंग भगवान शिव को काफी प्रिय है। इसलिए आप महाशिवरात्रि के दिन हरे रंग का सूट कैरी कर सकती हैं। इस तरह का सूट आपको सादगी भरा लुक देने में मदद करेगा। इसके साथ कानों में ईयररिंग्स भी पहनें। बस ध्यान रखें कि ये ईयररिंग्स ज्यादा हैवी नहीं होने चाहिए, वरना ये आपको परेशान कर सकते हैं।

अंगरखा सूट

यदि कुछ अलग सा पहनने का मन है तो इस तरह का हरा अंगरखा सूट पहनें। अंगरखा सूट देखने में काफी खूबसूरत लगता है। इसके साथ दुपट्टा अवश्य कैरी करें। दुपट्टा उस वक्त आपके काम आएगा, जब पूजा करेंगी, क्योंकि पूजा के समय सिर पर दुपट्टा रखना जरूरी होता है।

शरारा-सेट

यदि आप कुछ ऐसा कैरी करने का सोच रही हैं जो आरामदायक हो तो शरारा-कुर्ता एक परफेक्ट विकल्प है। इस तरह से शरारा सेट के साथ बालों को हल्का कर्ल करते हुए खुला रखें। चाहें तो गले में हल्का सा पैंडेंट पहन लें, जिससे आपका गला खाली न दिखे।

फैमिली फंक्शन में स्टाइलिश लुक के लिए बेस्ट हैं थ्री पीस सूट

शादी से पहले कई सारे खास फंक्शन होते है और ये फंक्शन संगीत, हल्दी साथ ही मेहंदी सेरेमनी के होते हैं। इस दौरान महिलाएं खूबसूरत नजर आना चाहती हैं और इसके लिए वो बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप वेडिंग फंक्शन में स्टाइलिश और ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं तो आप थ्री पीस सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले थ्री पीस सूट दिखा रहे हैं जो वेडिंग फंक्शन में पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। वहीं इन सूट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

प्रिंटेड सिल्क 3 पीस सूट

अगर आप हल्दी के फंक्शन में हिस्सा ले रही हैं तो आप इस तरह का प्रिंटेड सिल्क 3 पीस सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट सिल्क में है और इस सूट में प्रिंट करके डिजाइन हुआ है। इस तरह का ड्रेस आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों जगहों से 1,500 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं साथ हो फुटवियर में आप मोजरी वियर कर सकती हैं।

एम्ब्रॉयडरी वर्क 3 पीस सूट

इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट आप संगीत सेरेमनी में वियर कर सकती हैं। इस ड्रेस में आप बेहद ही खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई हैं और इस सूट को आप रॉयल लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस को आप ऑनलाइन या बाजार में जाकर 2,000 रुपये में खरीद सकती हैं। इस तरह का एम्ब्रायडरी वर्क 3 पीस सूट के सतह आप चोकर या फिर सिंपल-सी चैन टाइप नेकलेस वियर कर सकती हैं। संगीत फंक्शन में आप इस तरह का सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट पिंक कलर में है और इस सूट को वियर करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएग।

ऑर्गेंजा 3 पीस सूट

न्यू लुक के लिए आप इस तरह का ऑर्गेंजा वाला 3 पीस सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह का 3 पीस सूट को आप मेहंदी फंक्शन में वियर कर सकती हैं।

मेकअप हटाने क्लींजिंग वाइप्स का कर रही इस्तेमाल तो जानिए तमाम पहलू

क्लींजर वाइप्स का इस्तेमाल कई लोग मेकअप हटाने या चेहरे को ताजगी देने के लिए करते हैं। हालांकि, यह पूरी तरह से सुरक्षित है या नहीं, यह आपकी त्वचा के प्रकार, इस्तेमाल की गई सामग्री और वाइप्स की क्वालिटी पर निर्भर करता है।

क्लींजर वाइप्स के फायदे

त्वचा की सफाई – यात्रा या व्यस्त दिनों में तुरंत चेहरा साफ करने के लिए यह उपयोगी होते हैं। मेकअप रिमूवल – हल्के मेकअप को हटाने में मदद करते हैं, खासकर जब पानी और क्लींजर उपलब्ध न हो। सुविधाजनक और पोर्टेबल – इन्हें कहीं भी ले जाना आसान होता है।

क्लींजर वाइप्स के संभावित नुकसान

हार्श केमिकल्स हो सकते हैं–कुछ वाइप्स में अल्कोहल, परफ्यूम और सल्फेट हो सकते हैं, जो संवेदनशील त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं। त्वचा को पूरी तरह साफ नहीं करते–यह सिर्फ सतह की गंदगी हटाते हैं, लेकिन डीप क्लीनिंग नहीं कर पाते। ड्राइनेस

और इरिटेशन–बार-बार इस्तेमाल करने से त्वचा रूखी और संवेदनशील हो सकती है।पर्यावरण पर प्रभाव–अधिकतर वाइप्स नॉन-बायोडिग्रेडेबल होते हैं, जिससे यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

क्या करना चाहिए?

सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही उपयोग करें, रोजमर्रा के लिए फेस वॉश या माइल्ड क्लींजर बेहतर विकल्प हैं।ऐसे वाइप्स चुनें जो अल्कोहल-फ्री और त्वचा के अनुकूल सामग्री से बने हों।मेकअप हटाने के बाद हमेशा चेहरे को पानी से धो लें और मॉइश्चराइजर लगाएं।सेंसिटिव स्किन वाले लोग डॉक्टर से सलाह लेकर ही इनका उपयोग करें।

लगाने के तुरंत बाद आंखों का काजल बह जाता है तो ये हैक्स अपनाएं, लगा रहेगा घंटों तक

काजल न सिर्फ आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है, बल्कि साथ ही में इसकी वजह से आंखों को काफी लाभ भी मिलता है। महिलाओं और लड़कियों को काजल लगाना काफी पसंद भी होता है। पर, बहुत सी लड़कियों के साथ ये दिक्कत आती है कि उनकी आंखों का काजल ज्यादा देर तक टिकता नहीं है। लगाने के कुछ देर के बाद ही वो बहने लगता है और आंखों के नीचे काले धब्बे छोड़ देता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपका काजल घंटों तक टिका रहेगा। इन टिप्स को फॉलो करना काफी आसान है।

आंखों को करें साफ

यदि आप आपको देर तक आंखों में काजल टिकाकर रखना है तो काजल लगाने से पहले आंखों के आसपास का तेल और गंदगी साफ करें। इसके लिए किसी अच्छे फेसवॉश या माइल्ड क्लींजर से चेहरा धोकर स्किन को ड्राई करें। टिश्यू की मदद से आंख के आस-पास की स्किन को सुखा जरूर लें,

वरना गीली त्वचा पर काजल फैल जाएगा।

काजल लगाने के पहले त्वचा को तैयार करना जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले आंखों के नीचे हल्का पाउडर लगाएं। ये चेहरे के तेल को सोख कर काजल को स्मज-फ्री बनाता है। यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो मैटिफाइंग प्राइमर बेहतरीन ऑप्शन है।

कार्नर न्यूज

प्रोफेशनल लुक पर ध्यान देने से खुलते हैं तरक्की के रास्ते

ऑफिस ड्रेसिंग चाहिए 'राइट' तो इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल, बॉस की भी मिलेगी तारीफ

ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में। ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-

अपने लिए लेवल तय करें

आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं। मगर अच्छे कपड़ों में तैयार रहना बॉस के सामने आपकी पहली इमेज तो अच्छी बना ही देता है। उनको ये मैसेज मिल जाएगा कि आप आगे बढ़ने के लिए यहां आए हैं।

दूसरों से अलग क्या

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए। अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें। ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।

क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों। ना ही ज्यादा ढीले और न ही ज्यादा टाइट कपड़े ही अच्छे लगते हैं। इन कपड़ों की क्वालिटी अच्छी हो, ये अच्छे से स्टिच भी हों, ये भी ध्यान रखें।